हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 308, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 10 मई, 2024 दिन शुक्रवार | गाजीपुर/वाराणसी


## सिल्क रूट की तरह गेम चेंजर होगा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा : प्रधानमंत्री मोदी

### जब हम वैश्विक भलाई के लिए काम करते हैं, तो कोई अगर-मगर की बात नहीं होती



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) रेशम मार्ग (सिल्क रूट) की तरह एक बड़ा गेम चेंजर साबित होगा। आईएमईसी के लिए पिछले साल भारत की मेजबानी में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान एक समझौता हुआ था। एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने आईएमईसी को लेकर कहा, 'खाड़ी देशों ने सकारात्मक भूमिका निभाई है। अमेरिका और यूरोप ने भी इस पर भारत का समर्थन किया है। जी20 में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के हाथ मिलाने की तस्वीरों ने विश्व स्तर पर सुर्खियां बटोरी थीं। उन्होंने कहा, जब हम वैश्विक भलाई के लिए काम करते हैं, तो कोई अगर-मगर की बात नहीं होती। आप दुनिया को अपने साथ ले सकते हैं और मेरी यही कोशिश थी। आप मुझे बताएं कि जी8 और जी20 का जन्म कैसे हुआ। जिन मुद्दों के लिए इनका गठन किया गया है, हमें उन मुद्दों से कभी भटकना नहीं चाहिए। मैंने हर किसी को आश्वस्त किया। कुछ लोगों के साथ मुझे निजी तौर पर बात करने की जरूरत थी। मैंने वैसा ही किया। दूसरी बात, मेरा इरादा ये था कि मैं आखिरी सत्र में प्रस्ताव नहीं लाऊंगा। मैं इसे इतनी जल्दी करूंगा कि लोग हैरान हो जाएंगे। इसलिए मैंने दूसरे दिन की घोषणा का काम पहले दिन ही पूरा कर लिया। यह मेरी रणनीति थी और वह रणनीति काम कर गई।' बाइडन और मोहम्मद बिन सलमान के हाथ मिलाने के सवाल पर पीएम मोदी ने कहा कि उनकी दोनों नेताओं से मित्रता है। उन्होंने कहा, हमने आईएमईसी पर काम किया है, जो सिल्क रूट की तरह एक बड़ा गेम चेंजर होने जा रहा है। खाड़ी देशों की सकारात्मक और सक्रिय भूमिका थी। भारत को अच्छी भूमिका निभाने का मौका मिला। अमेरिका और यूरोप हमारे साथ थे। सभी ने सोचा कि एक ठोस और सकारात्मक परिणाम होगा। इसलिए हम उस पर मिलते थे। पीएम ने आगे कहा, इसलिए सऊदी किंग और राष्ट्रपति बाइडन को एक साथ लाने का अवसर था और मेरी दोनों के साथ अच्छी दोस्ती है। पिछले साल सितंबर में नई दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी के लिए भारत, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय संघ ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

### पांच किलो राशन से आपका भविष्य नहीं बनने वाला... युवाओं को रोजगार की जरूरत : प्रियंका

रायबरेली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली से प्रत्याशी अपने भाई राहुल गांधी के लिए जमकर प्रचार कर रही हैं। वो लगातार नुक्कड़ सभाएं कर जनता को संबोधित कर रही हैं। बृहस्पतिवार को एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पांच किलो राशन से आपका भविष्य नहीं बनने वाला है। मिल रहा है ये अच्छी बात है। आपको वो सरकार चाहिए जो कि रोजगार दे। जब आपके पास रोजगार होगा तो आप खुद ही आत्मनिर्भर बनेंगे। पांच किलो राशन से आपका भविष्य नहीं बदलने वाला है। जो राजनीतिक दल आपको सिर्फ राशन देने तक ही सीमित कर दे रहा है उसकी नीति ठीक नहीं है। प्रियंका गांधी ने कहा कि रायबरेली में एक राजनीतिक जागरुकता की परंपरा रही है। यहां के किसानों ने 103 साल पहले एक आंदोलन किया था जिसमें पंडित जवाहर लाल नेहरू भी शामिल हुए थे और किसानों के साथ गिरफ्तार हुए थे। प्रियंका गांधी ने कहा कि रायबरेली की जनता ने नेताओं को दंडित भी किया। इंदिरा गांधी को भी हरा दिया लेकिन इंदिरा जी ने हमेशा ही आपका आदर किया और जनता की बात सुनी। आज की सरकार सवाल पूछने वालों का मुंह बंद कर देती है।

## भाजपा की सरकार आई तो हमारी सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी भी बनेंगे अग्निवीर : अखिलेश



बहराइच। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बृहस्पतिवार दोपहर सपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता ने पहले, दूसरे और तीसरे चरण के मतदान में भाजपा को काफी पीछे कर दिया है। चौथे और पांचवें चरण के मतदान में आप लोग मतदान कर इनके मंसूबों को रोकने का काम करें। शहर के गेंद घर मैदान में बृहस्पतिवार को सपा मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जनसभा आयोजित हुई। पूर्व मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से दोपहर 12:15 बजे पुलिस लाइन पहुंचे। इसके बाद वह चार पहिया वाहन से शहर के गेंद घर मैदान पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री का सपा पदाधिकारी और कार्यकताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। अखिलेश भैया जिंदाबाद के नारे लगाए।

बहराइच, कैसरगंज और गोंडा के प्रत्याशियों के समर्थन में उन्होंने सभा को 12.40 बजे संबोधित करना शुरू किया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पूरे ब्रह्मांड की सबसे बड़ी झूठी पार्टी है। जबकि वह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का दावा करती है लेकिन विकास के नाम पर काफी पीछे है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने डबल इंजन की सरकार में किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया लेकिन किसानों की कमाई को बिचौलियों के हाथ में सौंप दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 4 साल के लिए अग्निवीर योजना शुरू की है। इससे युवाओं में नाराजगी है। अगर भारतीय जनता पार्टी की फिर सरकार बनी तो हमारी और आपकी सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को भी अग्निवीर योजना में शामिल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद भीड़ बता रही है कि आने वाले चौथे और पांचवें चरण में गठबंधन प्रत्याशियों को बहुमत मिलेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि पहले, द्वितीय और तृतीय चरण के चुनाव में जनता ने भाजपा के झूठ की हवा निकालते हुए उनके मंसूबों को पर पानी फेर दिया है। पूर्व सीएम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास का कोई जिक्र नहीं किया जा रहा सिर्फ हिंदू और मुस्लिम में लड़ाया जा रहा है। इस दौरान सभी प्रत्याशी और काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि अभी वह बहराइच के पुलिस लाइन में हेलीकॉप्टर से उतरे। उसके बाद वहां से गेंद घर के लिए रवाना हुए रास्ते में उन्होंने देखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बोर्ड लगा हुआ है जिसमें डबल इंजन की सरकार का स्लोगन ही गायब है। उन्होंने कहा कि पोस्टर से ही साबित हो रहा है कि जनता इनके साथ नहीं है।

## संदेशखाली स्टिंग वीडियो मामले में चुनाव आयोग जाएगी टीएमसी, शुभेंदु अधिकारी पर लगे हैं आरोप



कोलकाता। संदेशखाली के स्टिंग वीडियो मामले में टीएमसी भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत करने की तैयारी कर रही है। संदेशखाली के स्टिंग वीडियो में एक नेता ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि संदेशखाली की साजिश शुभेंदु अधिकारी ने रची थी और महिलाओं से दुष्कर्म के आरोप मनगढ़ंत थे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें संदेशखाली में भाजपा मंडल अध्यक्ष गंगाधर कायल होने का दावा करने वाले व्यक्ति ने बताया कि संदेशखाली की पूरी साजिश के पीछे पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी शामिल हैं। एक मीडिया चैनल द्वारा यह स्टिंग ऑपरेशन किया गया था। इस वीडियो में कायल को कहते हुए सुना जा सकता है कि संदेशखाली में यौन उत्पीड़न की शिकायतें शुभेंदु अधिकारी के कहने पर दर्ज की गईं। वीडियो के सामने आने के बाद टीएमसी भाजपा पर हमलावर है। वहीं बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार का आरोप है कि स्टिंग ऑपरेशन फर्जी है और इसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से बनाया गया है। सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि संदेशखाली का स्टिंग वीडियो साजिश के तहत जारी किया गया है, उन्होंने चुनाव के समय इस वीडियो के सामने आने पर सवाल उठाए। सुकांत मजूमदार ने कहा कि यह वीडियो संदेशखाली की सच्चाई दबाने के लिए टीएमसी नेताओं ने ही जारी किया है। इस वक्त स्टिंग क्यों किया गया, जब चुनाव चल रहे हैं? लोग राजनीतिक रूप से परिपक्व हैं और उन्हें बेवकूफ बनाना आसान नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि संदेशखाली में टीएमसी नेता शाहजहां शेख और अन्य टीएमसी नेताओं के खिलाफ कई महिलाओं का यौन शोषण करने और स्थानीय लोगों की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने के आरोप लगे थे। इस मामले को लेकर बंगाल की राजनीति में काफी हंगामा हुआ। भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बनाया और आखिरकार फरार चल रहा टीएमसी नेता शाहजहां शेख गिरफ्तार हुआ।

## भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले, भ्रष्टाचार फैलाने वाले, सब रामद्रोही हैं : सीएम योगी

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी जनपद के गोला में शुक्रवार दोपहर करीब सवा बजे आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और सपा पर जमकर हमला बोला। योगी ने कहा कि सपा सरकार में हर दूसरे दिन दंगा होता था। पूरे देश के अंदर एक स्वर गूंज रहा है कि वह है, फिर एक बार मोदी सरकार का। मतदाताओं का अभिवादन करते हुए योगी ने कहा कि आज महाराणा प्रताप की जयंती है। राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप को नमन करते हुए कहा कि बाबा गोला गोकर्णनाथ की पावन धरती से कह रहा हूं कि तीन चरण पूरे हो चुके हैं। आधा चुनाव संपन्न हो चुका है। चौथे चरण में भी आपको मतदान में भाग लेना है। पूरे देश के अंदर एक स्वर गूंज रहा है और वो है, फिर एक बार मोदी सरकार का। उत्साह और उमंग का कारण क्या है, जनता जनार्दन कहती है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। सीएम ने आगे कहा कि इतनी बढ़ी संख्या में आप लोग आएं हैं, अब सब मुझे बताओ, अयोध्या में राम मंदिर बनाकर अच्छा हुआ है लेकिन कांग्रेस और सपा वाले गलत बयानबाजी कर रहे हैं। राहुल गांधी के सलाहकार और सपा के राष्ट्रीय महासचिव ने राममंदिर पर गलत बयानबाजी की है, एक तरफ जो भारत के सम्मान के लिए खड़े हैं। दूसरी तरफ भारत की सुरक्षा में सेंध लगने वाले, भ्रष्टाचार फैलाने वाले हैं, वे सब रामद्रोही हैं।



## 'मैं मोदीजी से कहता हूं उन्हें 15 सेकंड दे दीजिए', नवनीत राणा के 'पुलिस हटाने' वाले बयान पर भड़के ओवैसी



हैदराबाद। देश में इन दिनों चुनावी मौसम चल रहा है। विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता विरोधियों के खिलाफ बयानबाजी कर एक-दूसरे की पोल खोलने में लगे हैं। इसी बीच, भाजपा की नेता नवनीत रवि राणा के '15 सेंकड' वाले एक बयान पर विवाद बढ़ता जा रहा है। राणा के बयान पर एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी भड़क गए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी उन्हें 15 सेकंड दे दीजिए, हम भी तो देखें कि क्या करेंगे। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने नवनीत राणा पर तंज कसा। उन्होंने कहा, 'मैं मोदी जी से कहता हूं कि उन्हें 15 सेकेंड का समय दीजिए। आप क्या करेंगे? 15 सेकंड की बजाय एक घंटा ले लीजिए। हम भी देखना चाह रहे हैं कि क्या आपके अंदर कोई इंसानियत बची है।' उन्होंने कहा, 'कौन डर रहा है? हम तैयार हैं। अगर कोई खुलेआम ऐसा कह रहा है तो ऐसा ही सही। प्रधानमंत्री आपके हैं, आरएसएस आपका है, सब कुछ आपका है। आपको कौन रोक रहा है? हमें बताएं कि हमें कहां आना है, हम वहां होंगे। जो करना है कर लेना।' भाजपा नेता राणा के 'अगर आप एआईएमआईएम और कांग्रेस को वोट देते हैं, तो यह सीधे पाकिस्तान चला जाता है' पर ओवैसी ने कहा कि साल 2014 में नरेंद्र मोदी अचानक अफगानिस्तान से नवाज शरीफ के घर पर उतर गए। बिन बुलाए मेहमान। वह क्या था? उन्हें लगता है कि भारत में सभी मुसलमान पाकिस्तानी हैं। हमें आरएसएस की विचारधारा को हराना है। वे भारत के बहुलतावाद और विविधता से नफरत करते हैं।' ओवैसी ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की रिपोर्ट को 'व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट' बताया। उन्होंने कहा, 'रिपोर्ट मुझे भेजें, फिर मैं जवाब दूंगा। यह किसकी रिपोर्ट है? यह रिपोर्ट किसने बनाई? यह व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट है।' दरअसल, भाजपा प्रत्याशी माधवी लता के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए नवनीत राणा ने एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी और उनके भाई पर जमकर निशाना साधा था। राणा ने बिना नाम लिए कहा था, 'छोटा भाई बोलता है कि 15 मिनट के लिए पुलिस को हटा दो फिर हम दिखाते हैं, हम क्या करते हैं तो मैं उनको कहना चाहती हूं कि छोटे भाईसाहब आपको तो 15 मिनट लगेंगे, लेकिन हमें सिर्फ 15 सेंकड लगेंगे।

## पाकिस्तान के ग्वादर में एक बार फिर आतंकी हमला, सात मजदूरों की मौत और एक घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आजकल आए दिन आतंकी हमले हो रहे हैं। अब एक बार फिर बुधवार रात को ग्वादर में आतंकवादियों ने हमला कर दिया। इस हमले में सात मजदूरों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आतंकवादियों ने ग्वादर के सरबंद में फिश हार्बर जेट्टी के पास आवासीय क्वार्टरों पर हमला किया। आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इसके कारण सो रहे सात लोगों की मौत हो गई और अन्य एक घायल हो गया। पाकिस्तान में आतंकवाद की घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिली है। हाल ही में सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जारी एक वार्षिक सुरक्षा रिपोर्ट जारी की गई। इस रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में 2023 में 789 आतंकी हमले हुए। इन हमलों में 1,524 लोगों की मौत हुई और 1,463 लोग घायल हुए। यह बीते छह सालों में उच्चतम रिकॉर्ड है। इससे पहले 20 मार्च को पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित ग्वादर पोर्ट पर आतंकी हमले की खबर सामने आई थी। बताया जा रहा था कि ग्वादर पोर्ट के अथॉरिटी कॉम्प्लैक्स में आठ हथियारबंद आंतकवादी जबरदस्ती घुसे। इसके बाद उनके द्वारा मौके पर गोलीबारी और बम धमाके किए गए थे। मकरान डिविजन के कमिश्नर सईद अहमद उमरानी का कहना था कि यह हमला प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी द्वारा किया गया है। हमले में किसी स्थानीय के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि करीब आठ हथियारबंद लोग ग्वादर पोर्ट में जबरन घुसे। इस कॉम्प्लेक्स में पाकिस्तान चुनाव आयोग समेत कई सरकारी ऑफिस हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि पहले गोलीबारी और फिर बम धमाके की आवाजें सुनाई दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया था। पाकिस्तान के एक अखबार की रिपोर्ट में दावा किया जा रहा था कि इस कार्रवाई में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के आठ हमलावर मारे गए हैं।

## 'बकवास हैं': सैम पित्रोदा की नस्लीय टिप्पणी पर भड़के रॉबर्ट वाड्रा, अमेठी से चुनाव में न खड़े होने पर भी बोले



अमेठी। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व चेयरमैन सैम पित्रोदा की नस्ली टिप्पणी पर घमासान मचा है। विरासत विवाद के बाद एक अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में सैम ने नया विवाद खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा था कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। वहीं पश्चिम में लोग अरबी लगते हैं और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं। जब बयान ने तूल पकड़ा तो उन्हें कांग्रेस से इस्तीफा देना पड़ा। अब उनके बयान पर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। इसी कड़ी में रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि जब आप इस (गांधी) परिवार से जुड़े होते हैं, तो बड़ी ताकत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है, आपको कोई भी कदम उठाने से पहले सोचना होगा। सैम पित्रोदा ने जो कहा है, उससे मैं बिल्कुल असहमत हूं। उन्होंने बकवास की बात की है। जो व्यक्ति इतना पढ़ा-लिखा हो वह ऐसा कैसे कह सकता है? वे राजीव गांधी के बहुत करीबी थे लेकिन उन्हें थोड़ा जिम्मेदार होना चाहिए। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा प्रयास कर रहे हैं लेकिन उनके एक बयान से भाजपा को अनावश्यक मुद्दे उठाने का मौका मिल गया। वहीं, वाड्रा ने कहा कि मैं किसी को जवाब देने के लिए राजनीति में नहीं आना चाहता। मैं देश के लोगों की सेवा करना चाहता हूं, इसलिए शायद यह राज्यसभा के माध्यम से हो। मैं देश भर के लोगों के लिए काम करता रहूंगा और अमेठी, रायबरेली और मुरादाबाद की यात्रा करूंगा क्योंकि उनका आशीर्वाद पाकर मुझे बहुत खुशी होती है। इसलिए मैं निश्चित रूप से कुछ समय बाद सक्रिय राजनीति में शामिल हो जाऊंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के बीच कुछ गलतफहमी है, रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, "कभी नहीं। मैंने उनके बीच किसी भी तरह का कोई मुद्दा नहीं देखा है। अगर उनके पास किसी तरह का तर्क है, तो यह स्वस्थ तर्क है कि हम देश के लिए कुछ बेहतर कैसे कर सकते हैं। कोई भी पद और कोई भी शक्ति उनके या मेरे बीच किसी भी तरह की गतिशीलता को नहीं बदल सकती है। लोगों ने माना कि मैं बहुत परेशान था क्योंकि मुझे अमेठी से लड़ने का मौका नहीं मिला। मेरे लिए इसका कोई मतलब नहीं है। मुझे परिवार में किसी भी व्यक्ति के बीच किसी भी तरह का कोई मुद्दा नहीं दिखता। हम पूरे देश के लिए मिलकर काम करेंगे। रॉबर्ट वाड्रा चुनाव क्यों नहीं लड़ेंगे, इसके जवाब में रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, "मैं खुश हूं कि केएल शर्मी अमेठी से और राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। मैं काफी लोगों से मिलता हूं। और जहां भी मैं गया हूं लोगों को लगता है कि मुझे सक्रिय राजनीति में आना चाहिए। हमने काफी मेहनत की और 2004 में हम सोनिया गांधी को अमेठी से जीता कर लाए तब से लोगों ने हमें बहुत प्यार, इज्जत दी।

## कन्नौज में भीषण सड़क हादसा: एक्सप्रेस-वे पर बस पलटी, दो की मौत, 27 लोग घायल

कन्नौज। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार को मक्का से लदा ट्रक बिहार से हरियाणा जा रहा था। ठठिया थाना क्षेत्र के होलेपुर गांव के पास वाहन को ओवरटेक करते समय डिवाइडर से टकराकर पलट गया। जिससे सड़क पर मक्का के कट्टे फैल गए। इसी दौरान पीछे से बिहार से सवारी लेकर दिल्ली जा रही तेज रफ्तार बस सड़क पर फैले मक्का के कट्टे पर चढ़ गई और अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस सवार 29 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व यूपीडा कर्मियों ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहां दो लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में 27 लोग घायल हो गए।

हादसे में गोपालगंज के कटिया थाना क्षेत्र के चकरपान गांव निवासी प्रांशु (15),गोपाल पुर गांव निवासी चन्द्रिका राय (40), मंझरिया गांव निवासी मुराद (24), पचलोरी गांव निवासी विनोद कुमार (38), महावीर (20), विष्णुपुरा गांव निवासी अनिरुद्ध कुमार (24), भूपतपुर गांव निवासी प्रकाश राय (36), आशाराम गांव निवासी अमन पांडेय (25), नावादा पपरौली गांव निवासी रमेश चंद्र (37), हथुआ गांव निवासी बूटन (35), गोपालपुर गांव निवासी विनोद कुमार (25),फुलवरिया थाना क्षेत्र के बनिया सापड़ गांव निवासी उपेंद्र कुमार (37), अमरेंद्र सिंह (32), सैनही गांव निवासी जमल अहमद (19), वथुआबाजार गांव निवासी अशरफ अली (25), भूरे गांव निवासी शुभम सिंह (21), वहीं कुशीनगर जनपद के रोवहरी थाना क्षेत्र के अवदानटोला गांव निवासी बविता देवी (35), कमलेश (40), मीरागंज थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी आशिफ अहमद (18), साहिल अंसारी (18), पटारिया थाना क्षेत्र के कोयलापुरवा गांव निवासी मुनीम (40), गोरखपुर के कैम्परी थाना क्षेत्र के रासूपुर गांव निवासी सुग्रीव कुमार (35), कम्पियरगंज थाना क्षेत्र के राकूखैर गांव निवासी कन्हैया लाल (18), रोहतक के घमड़ गांव निवासी पूजा (32), यशपाल (40), मांजपुरआरा के सिन्हा गांव निवासी चन्दन सिंह (40), मिथलेश देवी (35) घायल हुए हैं।

## संपादकीय

### धनबल छल

हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय के छापे में झारखंड की राजधानी रांची में राज्य सरकार के एक मंत्री के निजी सचिव के सहायक के घर से करोड़ों रुपये के ढेर बरामद होना, हर नागरिक को परेशान कर गया। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि यह धन कैसे जुटाया गया होगा और चुनाव के दौरान इसकी क्या भूमिका हो सकती है। लेकिन सवाल यह है कि एक अदने से आदमी के घर इतना धन कैसे पहुंचा? कौन इस खेल के खिलाड़ी हैं? पैसा किसका था? निस्संदेह, ऐसे तमाम सवाल आम नागरिकों को परेशान करते हैं। हालांकि,यह छापेमारी झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता से जुड़े एक मामले में हुई थी, जिसे पिछले वर्ष ईडी ने धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। धनशोधन का एक हिस्सा मंत्री के निजी सचिव व उसके घरेलू सहायक से भी जुड़ा था। जाहिर बात है कि सचिव व सहायक तो मात्र मोहरे हैं और बड़े स्तर के संरक्षण के बिना नोटों के अंबार नहीं लगाये जा सकते। प्रकरण यह भी बताता है कि कैसे विकास कार्यों का पैसा उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से राजनेताओं तक पहुंचता है। बहरहाल, हाल के दिनों में आम चुनाव की प्रक्रिया में चुनाव आयोग की सख्ती के चलते भारी मात्रा में जो नगदी आदि बरामद की गई है, वह भी चौंकाने वाली है। पहले चरण के मतदान से पूर्व चार हजार छह सौ करोड़ रुपये मूल्य की बरामदगी हो चुकी थी। यह बरामदगी आजाद भारत के आम चुनावों के दौरान हुई सबसे बड़ी बरामदगी है। आयोग के अधिकारियों का कहना है कि हर रोज सौ करोड़ रुपये मूल्य की बरामदगी हो रही है। इस बरामदगी में पैंतालीस प्रतिशत हिस्सा मादक पदार्थों का रहा है। जाहिर है ये नगदी, सामान व नशीले पदार्थ मतदाताओं को बहकाने,भ्रमित करने व लुभाने के लिये ही ले जाए जा रहे थे। ये कोशिशें धनबल के जरिये चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की हो रही थीं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि चुनाव के दौरान काले धन को सफेद करने की कवायदें खासी तेज हो जाती हैं। इस कालेधन का महज एक छोटा हिस्सा ही चुनाव आयोग और दूसरी नियामक एजेंसियों की नजर में आता है। राजनीतिक दल भी पांच साल तक ज्ञात-अज्ञात स्त्रोतों से अर्जित धन को चुनावी चंदा बताकर मतदाताओं को बहकाने-लुभाने में खर्च करते रहे हैं। बहुत सारे अनैतिक धंधों से जुड़े लोग भी चुनाव के दौरान जीतने वाले राजनीतिक दल या प्रत्याशी को आर्थिक सहायता देकर बाद में मोटा मुनाफा हासिल करते हैं। यह विडंबना ही है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी हम अपनी चुनाव प्रणाली को पारदर्शी व स्वतंत्र नहीं बना सके। यही वजह है कि चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले संदिग्ध धन का उपयोग कई तरीके से किया जाता रहा है। हाल के दिनों में शीर्ष अदालत की सक्रियता से चुनावी बॉन्डों के लेनदेन में जो विसंगतियां उजागर हुई उसे सारे देश ने देखा। कैसे दागदार कंपनियां भी चुनावी बॉन्ड खरीदकर पाक-साफ बनी और बड़ी योजनाएं हासिल करने में सफल हुई। जाहिर है कि बड़ी कंपनियां राजनीतिक दलों के चंदे में निवेश इसी मकसद से करती हैं कि जब उनकी सरकार बने तो मुनाफे के शार्टकट हासिल किये जा सकें। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की कारगुजारी पर नजर रखने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं ने कई ऐसे रुझान उजागर भी किये। इस मामले में अदालतों के अलावा चुनाव आयोग को भी अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप लोकतंत्र को प्रभावित करने वाले धनबल पर अंकुश लगाने के लिये सख्त कदम उठाने होंगे। इस दौरान उन सरकारी अधिकारियों पर भी निगाह रखी जानी चाहिए जो अनुचित ढंग से राजनीतिक दलों को मदद करने का प्रयास करते हैं। उनकी कोशिश होती है कि भविष्य में उस दल की सरकार बनने पर मलाईदार पद व मनचाही पोस्टिंग हासिल की जा सके। आयोग को चुनाव प्रक्रिया के दौरान अनुचित धन के प्रवाह पर अंकुश लगाने के लिये कठोर कदम उठाने चाहिए। इस दौरान मादक पदार्थों व शराब की बड़ी मात्रा में बरामदगी भी गंभीर चिंता का विषय है। चुनाव आयोग की शक्तियों के विस्तार की भी जरूरत महसूस की जा रही है।

### ना लगाओ आग !



हर तरफ है शांति ।
ना लगाओ आग ।।
जो हैं असली मुद्दे ।
रहे क्यों उससे भाग ।।
बेमतलब, बेवजह ।
आप रहे कुरेद ।।
देखकर जनमानस ये ।
करता व्यक्त खेद ।।
छोड़कर तकरार अब ।
राह सही अपनाओ ।।
उब गए हैं लोग ।
अब ना भय दिखाओ ।।
हो सही सलाह ।
लाओ ये बदलाव ।।
होगा तभी दूर ।
दिखता जो अभाव ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# कांग्रेस नेता ही कांग्रेस की राम मंदिर के प्रति डरावनी सोच को कर रहे बेनकाब !

**मृत्युंजय दीक्षित**

तीसरे चरण का मतदान संपन्न होने के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उनके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि पर निर्मित दिव्य नव्य रामलला मंदिर में पूजा अर्चना की। दोनों ने प्रभु श्रीराम को साष्टांग दंडवत करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। जहाँ राष्ट्रपति महोदया ने अपनी अनुभूतियाँ सोशल मीडिया पर साझा कीं वहीं प्रधानमंत्री रामलला के दर्शन के उपरांत जनता का आशीर्वाद लेने के लिए रोड शो पर निकल पड़े। स्वाभाविक रूप से विगत दशक में राम मंदिर आन्दोलन के राजनैतिक खेवनहार रहे नरेंद्र मोदी का रोड शो देखने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। राम मंदिर पर उमड़ने वाला यह जन समुद्र कांग्रेस, सपा, बसपा और इंडी गठबंधन में शामिल अन्य दलों को रास नहीं आता है, यही कारण है कि वे प्रभु श्रीराम व उनके भव्य मंदिर से लेकर सनातन तक पर लगातार हमले करते रहते हैं।

सनातन के प्रति कांग्रेस व इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादों का खुलासा भी कांग्रेस के ही नेता व प्रवक्ता कर रहे हैं। पूर्व कांग्रेस नेता कल्कि पीठाधीश्वरर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस कभी भगवान राम को मानने वाली नहीं हो सकती। उसने तो भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। श्रीराम मंदिर का फैसला आने के बाद एक गोपनीय बैठक में अमेरिका में रहने वाले अपने नजदीकी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि यदि उनकी सरकार आई तो वह सुपर पावर कमीशन बनाकर शाहबानो प्रकरण की तरह राम मंदिर का फैसला बदल देंगे। आचार्य प्रमोद का कहना है कि वह कांग्रेस में 32 साल रहे हैं, भगवान श्रीराम को लेकर कांग्रेस में क्या चलता है.वह जानते हैं। मंदिर का फैसला आने के बाद राहुल गांधी ने अपने नजदीकी लोगों की बैठक बुलाई थी इसमें राम मंदिर को लेकर अपनी योजना जाहिर की थी। आचार्य प्रमोद लोकसभा चुनावों को साधारण चुनाव नहीं बताते अपितु वह इसे धर्मयुद्ध बता रहे हैं। कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुईं छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने भी अपने साक्षात्कार में बताया कि कांग्रेस में प्रभु श्रीराम व सनतान के प्रति कितनी नफरत भरी हुई है। राधिका खेड़ा का कहना है कि अयोध्या में राम मंदिर जाने और इंटरनेट मीडिया पर मंदिर के फोटो साझा करने के बाद से ही उन्हें कांग्रेस से सिर्फ नफरत मिली। उन्होंने बताया कि पार्टी ने उन्हें चुनाव की अवधि में मंदिर जाने से रोका था लेकिन वह खुद को रामलला के दर्शन करने से नहीं रोक पाईं। उनका कहना था कि मैंने सुना था कि कांग्रेस राम विरोधी, सनातन विरोधी और हिन्दू विरोधी है पर कभी माना नहीं था किंतु जब मैं अपनी मां व परिवार के साथ रामलला के दर्शन करने गई तब कांग्रेस की असलियत का पता चल गया।जब मैंने अपने घर पर राम ध्वजा लगाई तब से कांग्रेस ने मुझे तिरस्कृत करना प्रारम्भ कर दिया।



कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडी गठबंधन में शामिल सभी दल राम विरोधी, सनातन विरोधी हैं यह प्रतिदिन साबित हो रहा है और इसी कारण बार-बार कहा जा रहा है कि रामभक्त सनातन समाज उठो- जागो और मतदान केंद्र तक पहुंचकर अपने मतों का सही प्रयोग करके ऐसी ताकतों को ध्वस्त कर दो, जो हिंदू सनातन समाज की परम्पराओं को नष्ट करने की ताक में बैठे हैं। अभी विगत वर्ष विधानसभा चुनावों के पहले द्रमुक नेता सनातन के उन्मूलन की बात कर रहे थे। बिहार में चारा चोर लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव का कहना है कि जब देश का प्रधानमंत्री हिंदू.राष्ट्रपति हिंदू, सभी मुख्यमंत्री, राज्यपाल व सेना के तीनों प्रमुख हिंदू तो फिर सनातन को कैसा खतरा। यह वही तेजस्वी है जिनके पिता लालू यादव ने रामरथ यात्रा को रुकवाने के लिए भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आज राम मंदिर भी बनकर खड़ा हो गया है और आडवाणी जी को भारत रत्न का सम्मान भी मिल चुका है। ये वही कांग्रेस है जिसके तत्कालीन राष्ट्रपति दिवंगत शंकर दयाल शर्मा ने 6 दिसंबर 1992 की शाम को राष्ट्रपति भवन में आंसू बहाये थे और उन्हीं आंसुओं की धार में सनातन समाज से बदला लेने के लिए अपनी तथाकथित संवैधानिक तानाशाही का अभूतपूर्व परिचय देते हुए उत्तर प्रदेश की कल्याण सिंह सरकार सहित चार प्रान्तों की भाजपा सरकारों को को भंग कर दिया था। आज की कांग्रेस की नजर में उस समय संविधान सुरक्षित हो गया था। यह वही कांग्रेस है जो समय समय पर देश के सर्वोच्च न्यायालय में प्रभु श्री राम को काल्पनिक बता चुकी है।

तीसरे चरण के मतदान के मध्य ही उत्तर प्रदेश में समाजवादी नेता रामगोपाल यादव ने बयान दे दिया कि अयोध्या का राम मंदिर तो बेकार है, मंदिर ऐसे बनाए जाते हैं क्या? मंदिर ऐसे नहीं बनते है। दक्षिण से उत्तर तक देख लीजिए नक्शा ठीक से नहीं बना है। समाजवादी पार्टी तो सदा से ही राम मंदिर विरोधी रही है। रामभक्त कारसेवकों का नरसंहार कराने के निकृष्टतम पाप से लेकर उसके बाद जितने भी ऐतिहासिक अवसर आए हर बार समाजवादी नेताओं ने राम मंदिर के खिलाफ नफरत भरी आग उगली है। भूमि पूजन से लेकर प्राण प्रतिष्ठा तक हर समय सपा, बसपा व कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन में शामिल सभी दलों के नेता अपने बयानो से हिंदू सनातन समाज व प्रभु राम का अपमान ही करते रहे हैं। रामगोपाल यादव के बयान से राम मंदिर को लेकर राजनीति एक बार फिर गर्म हो गयी है और भारतीय जनता पार्टी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे तत्वों पर करारा प्रहार किया है। भाजपा का कहना है कि समाजवादी काल में कब्रिस्तान बनवाना अच्छा था वो उत्तर प्रदेश जो मुख्तार अंसारी, अबू सलेम, अतीक अहमद और छोटा शकील के लिए जाना जाता था वह उनके लिए अच्छा था। एक समय था जब फिल्में बनती थी यूपी में जिला गाजियाबाद, लखनऊ सेंट्रल, मिजार्पुर अर्थात पूरी अपराध केंद्रित तब ये सब अच्छा था। यहां पर भी ध्यान देने योग्य है कि एक समय था जब अवध की पहचान केवल और नवाबों की संस्कृति तक ही सीमित हो गयी थी। एक समय वह भी था जब गंगा-जमुनी तहजीब के नाम पर अवध का भव्य सनातन इतिहास और हमारी संस्कृति को दबाया जा रहा था, कुचला जा रहा था। समाजवाद व कांग्रेस की नजर में वह समय अच्छा था, जब गंगा-जमुनी तहजीब के नाम पर लव जिहाद और धर्मांतरण का गजब का खेल चरम सीमा पर चल रहा था। वहीं समाजवादी पार्टी राम मंदिर को बेकार का कह रही है जिसके स्वर्गीय नेता मुलायम सिंह यादव ने रामभक्तों का संहार किया था। आप नेता अरविंद केजरीवल जो अब शराब घोटाले में जेल में बंद हैं और रिहाई की भीख मांग रहे हैं उनकी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया व संजय सिंह ने रामभक्त चंपत राय जी पर फर्जी जमीन घोटाले का आरोप लगा दिया था। अक्षत वितरण कार्यक्रम पर तंज कसते हुए इन लोगो ने कहा था कि भाजपा युवाओं को रोजगार देने की बजाय घर-घर अक्षत बांट रही है।

# आध्यात्मिक व पुण्यबल बढ़ाने वाला त्यौहार है, अक्षय तृतीया !

अक्षय तृतीया का त्यौहार वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि पर मनाया जाता है। अक्षय तृतीया की तिथि साढे तीन मूहूर्तों में से एक पूर्ण मुहूर्त है। इस दिन सत्ययुग समाप्त होकर त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ, ऐसा माना जाता है। इस कारण से यह एक संधिकाल है। मुहूर्त कुछ ही क्षणों का होता है; परंतु अक्षय तृतीया संधिकाल होने से उसका परिणाम 24 घंटे तक रहता है। इसलिए यह पूरा दिन ही अच्छे कार्यों के लिए शुभ माना जाता है।




हिन्दू धर्म बताता है, सत्पात्र दान करना, प्रत्येक मनुष्य का परम कर्तव्य है। सत्पात्र दान का अर्थ सत के कार्य हेतु दान धर्म करना! दान देने से मनुष्य का पुण्यबल बढता है, तो सत्पात्र दान देने से पुण्य संचय सहित व्यक्ति को आध्यात्मिक लाभ भी मिलता है।

अक्षय अर्थात जिसका कभी क्षय नही होता है। माना जाता है कि इस दिन जो भी पुण्य कर्म अर्जित किये जाते हैं, उनका क्षय नही होता है। यही कारण है कि इस दिन शुभ विवाह, गृह प्रवेश अथवा अन्य मांगलिक कार्य आरंभ हो जाते है। जैसे गंगा स्नान, भागवत का पाठ ऐसी मान्यता भी है कि सच्चे मन से अपनी गलतियों की क्षमा मांगने से ईश्वर क्षमा करते हैं तथा अपनी कृपा भी बरसाते हैं। इस दिन अपने भीतर के दुगुर्णों को भगवान के चरणों में अर्पित कर सद्गुणों को बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। वृंदावन के बांके बिहारी जी के मंदिर में श्री विग्रह जी के चरणों के दर्शन भी इसी दिन होते हैं। इस दिन इनके चरणों से वस्त्र हटा दिया जाता है। जबकि पूरे वर्ष भर उनके चरणों को वस्त्र से ढक दिया जाता है। श्री विग्रह के चरणों के दर्शन भी असीम कृपा का भाग है। इस दिन सत्पात्र को दान करना भी अत्यधिक पुण्य का कर्म है जिसका क्षय नही होता है तथा कहते हैं वस्त्र स्वर्ण आभूषण मुद्रा खरीदना भी शुभ होता है। इस दिन पितरों को किया गया तर्पण और पिंडदान अथवा अपने सामर्थ्य अनुरूप किसी भी प्रकार का दान अक्षय फल प्रदान करता है। अक्षय तृतीया के दिन गौ, भूमि, तिल, स्वर्ण, घी, वस्त्र, धान्य, गुड़, चांदी, नमक, शहद और कन्यादान करने का महत्व है। इस दिन जितना भी दान करते हैं उसका चार गुना फल प्राप्त होता है। इस दिन किए गए कार्य का क्षय नहीं होता है। यही कारण है, इस दिन पुण्य प्राप्त करने का महत्व बहुत अधिक है। अक्षय तृतीया के दिन ही हयग्रीव, परशुराम और नर नारायण जैसे भगवान के अवतार प्रकट हुए थे। अक्षय तृतीया के दिन ब्रह्मा एवं श्री विष्णु इन दो देवताओं का सम्मिलित तत्व पृथ्वी पर आता है जिससे पृथ्वी की सात्विकता दस प्रतिशत तक बढ़ जाती है। इस सात्विकता का लाभ लेने के लिए इस दिन स्नान, ध्यान, दान, भागवत पूजन, जपतप, हवन और पितृ तर्पण करना चाहिए। ऐसा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और आध्यात्मिक लाभ भी मिलता है। साथ ही विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश वस्त्राभूषण को क्रय करना आदि शुभ कार्य भी बिना मुहूर्त देखे किए जा सकते हैं क्योंकि इस दिन की संपूर्ण अवधि ही शुभ मुहूर्त होती है। चूंकि इस दिन दान करने का बहुत महत्व है, अतः धार्मिक कार्य करने वाले व्यक्ति, समाज में धर्म प्रसार करने वाली आध्यात्मिक संस्थाओं को दान करना चाहिए। कालानुरूप यही सत्पात्र दान है। इस दिन मिट्टी का पूजन, नए बीज बोना और वृक्षारोपण भी किया जाता है।

# रानाघाट इलाके में बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे लोग, पूछ रहे कब ममता दीदी को हम पर आएगा तरस ?

**नीरज कुमार दुबे**

पश्चिम बंगाल का रानाघाट संसदीय क्षेत्र बांग्लादेश की सीमा से सटा हुआ है। इस क्षेत्र में टीएमसी और कांग्रेस के बीच मुकाबला होता रहा है मगर पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान चली मोदी लहर के चलते जगन्नाथ सरकार ने यह सीट भाजपा की झोली में डाल दी थी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के दौरान भी जगन्नाथ सरकार यहां से विधानसभा चुनाव जीत गए थे मगर बाद में उन्होंने संसदीय सीट बरकरार रखते हुए विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इस बार भाजपा ने उन्हें फिर से अपना उम्मीदवार बनाया है।



प्रभासाक्षी की चुनाव यात्रा जब रानाघाट पहुंची तो हमने सांसद जगन्नाथ सरकार से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पिछले पांच साल में मैंने विकास के जितने काम कराए हैं उतने पहले कभी नहीं हुए थे। उन्होंने कहा कि मैं मोदी सरकार की तो कई योजनाएं अपने क्षेत्र में ले आया लेकिन जहां राज्य सरकार की मदद की जरूरत पड़ी वहां काम में देरी हुई या फिर वह लटक गया। उन्होंने उम्मीद जताई कि जनता उन्हें एक और मौका देगी ताकि वह सबकी सेवा कर सकें।

हम आपको बता दें कि रानाघाट फूलों की खेती के लिए विश्व विख्यात है। रानाघाट में बड़ी संख्या में बांग्लादेश से आए हिंदू शरणार्थी बसे हुए हैं। बताया जाता है कि इन शरणार्थियों में मतुआ समुदाय के लोगों की संख्या सर्वाधिक है। हम आपको बता दें कि रानाघाट में कई ऐतिहासिक स्थल हैं जिनका यदि जीर्णोद्धार हो जाए तो इस इलाके में पर्यटन की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। इस इलाके से कई बड़े नाम निकले हैं जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में नाम कमाया है, इनमें फिल्म अभिनेत्री राखी गुलजार और खिलाड़ी सोमा बिस्वास का नाम प्रमुख है। हम आपको बता दें कि अपने शासन के दौरान कृष्णा पंती और उनके वंशज पाल-चौधरी ने यहां कई मंदिरों का निर्माण करवाया था। नादिया जिले में पड़ने वाले इस इलाके में कई महलनुमा इमारतें, मंदिर और उद्यान देखने को मिलते हैं। यह सभी वास्तुकला के बेहतर उदाहरण हैं। 2009 में अस्तित्व में आई रानाघाट संसदीय सीट पर पहले टीएमसी का कब्जा था, लेकिन साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के जगन्नाथ सरकार को यहां से बड़ी जीत मिली थी। जगन्नाथ सरकार भी मतुआ समुदाय से आते हैं।

रानाघाट में ग्रामीण मतदाताओं की संख्या कुल आबादी की लगभग 59% है, जबकि शहरी मतदाता 41 फीसदी बताए जाते हैं। इस क्षेत्र की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति की आबादी 35.98 और अनुसूचित जनजाति की आबादी 3.57 फीसदी बताई जाती है। इस संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 1833975 है। हम आपको बता दें कि रानाघाट लोकसभा सीट के अंतर्गत सात विधानसभा सीटे आती हैं। इनके नाम हैं चकदाह, रानाघाट दक्षिण (एससी), रानाघाट उत्तर पूर्व (एससी), रानाघाट उत्तर पश्चिम, शांतिपुर, कृष्णगंज (एससी) एवं कृष्णानगर दक्षिण। इन विधानसभा सीटों में से एक पर तृणमूल कांग्रेस और छह पर भाजपा का कब्जा है। अपनी चुनाव यात्रा के दौरान जब हमने स्थानीय लोगों से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि यहां किसी तरह की सुविधा नहीं है। लोगों ने कहा कि ना पीने के लिए साफ पानी है और ना ही शौचालय की सुविधा है। लोगों ने कहा कि स्कूल और चिकित्सा केंद्र भी दूर हैं जिससे तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बताया कि हमें ममता बनर्जी सरकार की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

# सारनाथ के सर्वप्रथम उत्तखनन का श्रेय बाबू जगत सिंह को : प्रोफेसर राणा पी बी सिंह




प्रखर वाराणसी। सारनाथ के उत्खनन क्षेत्र में लगे शिलापट्ट पर अंकित विवरण गलत है बाबू जगत सिंह काशी नरेश चेत सिंह के दीवान नहीं थे सर्वप्रथम इस स्थान का उत्खनन बाबू जगत सिंह द्वारा कराया गया था` उत्खनन में दो बेलनाकार मंजूषा के मिलने के उपरांत उत्खनन कार्य रोक दिया गया था,मंजूषाओं को एशियाटिक सोसायटी कोलकाता को सौंप दिया गया था यह संपूर्ण विवरण आज भी एशियाटिक सोसाइटी ऑफ कोलकाता के रजिस्टर में दर्ज है इस स्थान की खुदाई का सर्वप्रथम श्रेय कर्नल सी मैकेंजी या कनिंघम को नहीं है उन्होंने खुदाई क्रमशः 1815 एवं 1834-36 में किया था जबकि बाबू जगत सिंह ने खुदाई 1787 में कराया था` उपरोक्त बातें प्रोफेसर राणा पी बी सिंह ने स्लाइड शो के माध्यम से अशोक मिशन एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा आयोजित एकल व्याख्यान के अंतर्गत "अज्ञात का अन्वेषण, सारनाथ खोज की गुत्थी विषय पर बोलते हुए वाराणसी के गाइडो के समक्ष लहुराबीर स्थित प्रदीप होटल में कहा` प्रोफेसर सिंह ने 'लास्ट हीरो आफ बनारस बाबू जगत सिंह' पुस्तक के तृतीय अध्याय का उल्लेख करते हुए सारनाथ में लगे शिलापट्ट पर अंकित विवरण को ठीक करने का अनुरोध भी भारत सरकार से किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक आनंद एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह ने किया` कार्यक्रम में टूरिस्ट गाइड एसोसिएशन वाराणसी, अपूर्व टूरिस्ट गाइड्स संगठन, सारनाथ टूरिस्ट गाइड्स संगठन, इनक्रेडिबल टूरिस्ट फैसिलिटेटर के सदस्यगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जैनेंद्र कुमार राय, राजेश्वर सिंह, राजेंद्र पांडे, विक्रम मेहरोत्रा, डॉ रामसुधार सिंह, सुप्रसिद्ध भजन गायक ओमप्रकाश, एडवोकेट अरविंद सिंह, डॉक्टर अलका रानी गुप्ता, अखिलेश कुमार, मदन गोपाल विश्वकर्मा, डॉक्टर प्रियंका झा एवं ए.के.पांडे उपस्थित रहे।

## काशी के प्रबुद्ध वर्ग को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई : राजेश कुमार सिंह



प्रखर वाराणसी। लोकसभा चुनाव के ब्रांड एंबेसडर और लघु उद्योग भारती काशी प्रांत के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने सिगरा स्थित एक होटल में आयोजित विभिन्न व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई काशी के प्रबुद्ध वर्ग के उद्यमियों के साथ चुनाव में भागीदारी को लेकर चर्चा हुई साथ ही वोट डालने के लिए शपथ दिलाई गयी` राजेश कुमार सिंह ने सभी से अनुरोध किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या मे लोग घरों से निकलकर मतदान केंद्रों तक आए और अपने बहुमूल्य मत का प्रयोग करें उन्होने उद्यमियों से कहा की काशी में पिछली बार के लोक सभा चुनाव से वोट प्रतिशत ज्यादा हो इसका हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति यदि सौ लोगो को फोन करके जागरुक करेगा तो वाराणसी का वोट प्रतिशत बढ़ जायेगा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर वोट डालना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। कार्यक्रम में विभिन्न व्यवसाय से जुड़े प्रबुद्ध उद्यमियों राजेश विश्वकर्मा, दीपक बहल, दीपक शाह, आलोक खन्ना, अनिल राय, संदीप अग्रवाल, ज्योति शंकर मिश्रा,राकेश गुप्ता, कृष्ण शरण अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण, सुनील यादव, कौशल शर्मा, किशोर वर्मा, मनीष चौबे , मनोज शाह ,संजय जैन ने भाग लिया।

## जनपद में तैनात कार्मिक पोस्टल-बैलेट से मतदान करने हेतु निर्धारित तिथियों पर फैसिलिटेशन सेन्टर पर पहुंचकर करें मतदान-जिला निर्वाचन अधिकारी

सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निदेशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 एवं विधान सभा उप निर्वाचन,2024 में निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों हेतु पोस्टल-बैलेट के माध्यम से मतदान करने हेतु उनके जनपद जहां के वे मतदाता हैं, फैसिलिटेशन सेन्टर स्थापित किया जा रहा है, जनपद के कार्यालयों में तैनात कार्मिक पोस्टल-बैलेट के माध्यम से निर्धारित तिथि को कार्मिक अपने जनपद के स्थापित फैसिलिटेशन सेन्टर पर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकते हैं, मतदान के समय मतदान कार्मिक को निर्वाचन ड्यूटी आदेश की छायाप्रति मतदाता पहचान पत्र अथवा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, जनपद प्रयागराज में 14 मई से 18 मई,2024 तक प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक मेरीलुकस गर्ल्स स्कूल एण्ड कालेज कचहरी रोड प्रयागराज में पहुंचकर मतदान कर सकते हैं। जनपद सुलतानपुर में 13 मई से 17 मई,2024 तक प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक केन्द्रीय विद्यालय अमहट सुलतानपुर व 22 मई से 24 मई,2024 तक प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट कलेक्ट्रेट परिसर सुलतानपुर। इसी प्रकार जनपद झासी में 10 मई से 15 मई,2024 प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक राजकीय इण्टर कालेज झासी व 17 मई से 19 मई,2024 प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक रिटर्निंग ऑसिर न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या 14 कलेक्ट्रेट झासी में। जनपद बलिया में 19 मई से 23 मई,2024 प्रतिदिन प्रातः 09.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया, जनपद मऊ में दिनांक 21 मई से 23 मई,2024 तक समय प्रातः 9.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक लिटिल फ्लावर चिल्ड्रन स्कूल सिकटिया ओवर ब्रिज मऊ पर फैसिलिटी सेंटर केंद्र स्थापित किए गए तथा एक अतिरिक्त फैसिलिटी से केंद्र कलेक्ट्रेट मऊ में कक्ष संख्या 38 न्यायालय जिलाधिकारी ध्जिला मजिस्ट्रेट मऊ में स्थापित किया गया है जो दिनांक 21 मई से 26 मई 2024 तक प्रातः 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक, जनपद हमीरपुर में दिनांक 10 मई से 14 मई तक प्रातः 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कछेछा हमीरपुर, जनपद जौनपुर में 13 मई से 18 मई,2024 तक प्रातः 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक तिलकधारी इंटर कॉलेज जौनपुर में।

## नगर पंचायत ने शिक्षक को स्वच्छ भारत मिशन का बनाया ब्रांड एंबेसडर

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो।जनपद महराजगंज का नवनिर्वाचित नगर पंचायत बृजमनगंज में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जनजागरुकता एवम जन भागीदारी को बढ़ाने हेतु अधिशासी अधिकारी सुरभि मिश्रा ने नागेंद्र चौरसिया शिक्षक को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया तथा प्रमाण पत्र का सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक नागेंद्र चौरसिया वार्ड नं 11 नरायनपुर के निवासी हैं। जलजीवन, वृक्षारोपण, कायाकल्प विधालय के तहत कई बार सम्मानित हो चुके हैं। बताते चलें किस्वच्छ भारत मिशन का शुभारम्भ मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा 02, अक्टूबर, 2014 को किया गया। इसकी परिकल्पना माननीय राष्ट्रपति जी के द्वारा 9 जून, 2014 को संसद के संयुक्त अधिवेशन में की गई थी, जिसका उद्देश्य प्रत्येक घर को शौचालय-पहुॅच, अपशिष्ट



प्रबन्धन एवं स्वच्छता को स्थापित करना था।भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 02 अक्टूबर 2019 तक सम्पूर्ण स्वच्छता के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा 02 अक्टूबर 2018 तक ओ0डी0एफ0 का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस मिशन का उद्देश्य खुले में शौच की कु-प्रथा को समाप्त करना, नगरीय ठोस अपशिष्ट का आधुनिक और वैज्ञानिक प्रबन्धन करना, शहरी स्थानीय निकायों हेतु क्षमता सम्बर्द्धन आदि है। मिशन के घटकों में अस्वच्छ शौचालयों को जल प्रवाहित शौचालयों में बदलने सहित घरेलू शौचालय, सामुदायिक शौचालय, सार्वजनिक शौचालय, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, आईईसी एवं जन-जागरूकता तथा क्षमता निर्माण और प्रशासनिक व कार्यालय व्यय सम्मिलित है।

## नकली शराब बनाने की फैक्ट्री सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार



प्रखर महराजगंज/सिद्धार्थ नगर। सिद्धार्थ नगर पुलिस ने नकली शराब बनाने बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 500लीटर अर्द्धनिर्मित अंग्रेजी शराब व भिन्न भिन्न ब्रांडो के 104 बोतल नकली अंग्रेजी शराब बनाने के केमिकल, क्यू आर कोड़ आदि भारी मात्रा में बरामद करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया हैं जिसमें एक ब्यक्ति महराजगंज जिले का निवासी हैं। सिद्धार्थ नगर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रेस रिपोर्ट के अनुसार जनपद सिद्धार्थ नगर में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार विभिन्न थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी पुलिस गण एस ओ जी और सर्विलांस टीम द्वारा बेरियर लगाकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था दिनांक 08/05/2024 दिन बुधवार को सिद्धार्थ नगर के झंडे नगर तिराहे पर दो ब्यक्ति मोटरसाइकिल से आते हुए दिखाई पडे जिनको रोककर तलाशी ली गई।उनके पास से 20 बोतल अंग्रेजी शराब ग्रीन लेबल बरामद हुई।उनसे पूछताछ पर ग्यात हुआ कि वो अवैध शराब का निर्माण करते हैं।अभियुक्त के घर पर स्थानीय पुलिस एसओजी की संयुक्त छापेमारी मे नकली शराब बनाने का जखीरा बरामद हुआ।पकड़े गए अभियुक्त लालजी जायसवाल निवासी कोटिया थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थ नगर तथा श्याम कुमार निवासी बृजमनगंज जनपद महराजगंज के है।जिन पर अपराध संख्या 78/24 संख्या धारा 272,धारा 419,धारा 420,धारा467, धारा468,धारा471सहित विभिन्न धाराओं मे पंजीकृत कर न्यायालय रवाना किया गया।

## मामूली विवाद में दबंगों ने माँ बेटी और पुत्र मारकर किया घायल

खेतासराय (जौनपुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सुंबुलपुर गांव में बुधवार की देर शाम मामूली बात को लेकर दबंगो ने माँ बेटी और पुत्र को लात घूंसों से पिटाई कर घायल कर दिया। मेडिकल के उपरांत पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर ली। आरोप है कि उक्त गांव में बच्चों के विवाद में एक पक्ष की तरफ से लाठी डंडे से हमला बोलने से सुरैया बानो (35) पति मुहम्मद नसीम, पुत्री नेदा (15) बानो तथा पुत्र नेहाल (12) घायल हो गए । तीनों को पीएचसी सोंधी में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई । स्वजनों के तहरीर पर पुलिस ने नदीम, मुसय्यब और सलमा के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। थानाध्यक्ष व निरीक्षक दीपेंद्र सिंह ने बताया कि बच्चों को लेकर हुए विवाद में मारपीट हुई है। तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## शीराज ए हिन्द सहयोग फाउंडेशन ने नि:शुल्क प्याऊ का किया शुभारंभ




प्रखर जौनपुर। शीराज ए हिन्द सहयोग फाउंडेशन की तरफ से एक निशुल्क प्याऊ का नगर पालिका परिषद जौनपुर के अधिशासी अभियंता पवन कुमार द्वारा फीता काट कर शुभारंभ किया गया। निशुल्क प्याऊ जल का जेसिस चौराहा, रोडवेज पर स्टॉल लगाया गया । शिराज ए हिन्द सहयोग फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी मो शिराज ने बताया की गर्मी के बढ़ते तापमान से प्यास से परेशान यात्रियों के लिए निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गईं है। पूरी गर्मी भर निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था चालू रहेगी, निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था धीरे धीरे पुरे नगर में भी की जायेगी। शुभारंभ कार्यक्रम में उक्त जॉनके सदस्य आर्यन सिद्दिकी, अब्दुल रब ,गौरव वर्मा, राजकुमार यादव,सचिन यादव, अवनीश यादव, महबूब खान, लालचंद चौरसिया, मनोज यादव लकी सिंह, अशियम,पंकज आदि लोग उपस्थित रहे।

## रेड क्रॉस के संस्थापक दिवस पर हुआ ब्लड डोनेट

सोनभद्र। बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में रेड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनॉट के जन्मदिवस के अवसर मुख्य चिकित्साधिकारी सोनभद्र डॉ अश्वनी कुमार के द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर विश्व रेड क्रॉस दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अश्वनी कुमार ने विस्तृत जानकारी देते हुए वर्ष के रेड क्रॉस का स्लोगन आज के परिवेश में "मानवता को जीवित रखना" का उल्लेख किया एवं शाखा के सदस्यों द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा अधिक से अधिक लोग को संस्था का सदस्य बना कर मानवीय सेवा करने के प्रति आह्वाहन किया। इस अवसर रेड क्रॉस शाखा के सदस्यों द्वारा गोद लिए गए रॉबर्ट्सगंज एवं दुद्धी ब्लॉक के टीबी रोग से ग्रसित कुल 30 बच्चों को पौष्टिक आहार एवं रेडक्रॉस हाइजीनिक किट प्रदान किया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सदस्यों द्वारा 06 कुष्ठ रोगियों को गोद लिया गया एवं उन्हें रेड क्रॉस हाइजीनिक किट एवं फल देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर रक्तदान कैम्प का आयोजन राबर्ट्सगंज एवं दुद्धी ब्लड बैंक में शाखा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ सुमन कुमार, डॉ शाह आलम, खुशबू, मधु, दीपक, विकास पार्थ, सुनील कुमार एवं संजीव द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा अहमदाबाद में आयोजित नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट में रेड क्रॉस शाखा द्वारा गोद लिए गये 06 बच्चे क्रमशः आदित्य, अपर्णा, अबू लेश, आरती, दिव्यांश सतीश को उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आर जी यादव, डॉ प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, डॉ एस के वर्मा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुबेदार प्रसाद, डॉ गिरिधरी लाल, धर्मेंद्र नारायण श्रीवास्तव, डॉ स्नेहा मंजुल, डॉ जयवर्धन, जितेंद्र, सतीश सोनकर, विमल सिंह, उप सभापति विमल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष, किशोरी सिंह सदस्य सरदार दया सिंह , डॉ रोहित केडिया, अमित चंदेल उपस्थित रहे। इस शाखा के सभापति ने सभी को इस अवसर पर बधाई दी एवं रेड क्रॉस के क्रियाकलापों पर प्रकाश डाला। सचिव डॉ सुमन कुमार ने जनपद में रेड क्रॉस कैसे कार्य कर रहा है उस पर विस्तृत जानकारी दी एवं कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन एवं समापन डॉ संजय कुमार सिंह द्वारा किया गया।

## पानी व शौचालय की व्यवस्था देख सीएमओ ने जताई नाराजगी

सोनभद्र। सीएमओ डॉ अश्वनी कुमार ने बताया कि बुधवार को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद की चिकित्सा व्यवत्त्या दुरुस्त रखने के क्रम में चोपन ब्लाक के नगरीय क्षेत्र ओबरा में स्थित अर्बन पीएचसी ओबरा का निरीक्षण किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा० आलोक कुमार सहाय, उपस्थित थे और ओ०पी०डी० में अब तक 31 मरीज देख चुके थे। संविदा स्टाफ नर्स उजाला एवं आकांक्षा उपस्थित थी। पशुपतिनाथ उपाध्याय, वार्डब्याय आकस्मिक अवकाश पर थे। फार्मासिस्ट हेमन्त कुमार शर्मा भी कार्य पर उपस्थित थे। सपोटिंग स्टाफ मथुरा बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थी, जिनके वेतन रोकने के निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिये गये संविदा ए०एन०एम० पूजा सिंह आकस्मिक अवकाश पर थीं। निरीक्षण में प्रभारी द्वारा बताया गया कि इस केन्द्र पर पानी की व्यवस्था नहीं और शौचालय जाम है, जिसके कारण यहां डिलीवरी का कार्य बाधित है। मरीज भर्ती के लिए कोई बेड नहीं था। इससे प्रतीत होता है कि किराये के भवन चयन में उपयुक्त भवन चयन नहीं किया गया, जिसके कारण डिलीवरी का कार्य बाधित है और इसी कारण से चयनित स्टाफ नर्स और ए०एन०एम० की उपयोगिता नहीं हो रही है। इस सम्बंध में, अर्बन कोआर्डिनेटर राकेश कुमार से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये जाते हैं और निर्देशित किया जाता है किराये के नये भवन का चयन करते हुए, उक्त भवनमालिक के साथ हुये अनुबंध को निरस्त कराना सुनिश्चित करें। इसके बाद अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपराह्न 01:30 बजे अर्बन पीएचसी ओबरा के अन्तर्गत



सेक्टर 09 में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेन्द्र पर संचालित वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि उक्त केन्द्र की ब्रांडिंग का कार्य अभी तक नहीं किया गया है जबकि वहां ए०एन०एम० और सी०एच०ओ०, दोनों पद पर कर्मचारी तैनात हैं। ब्रांडिंग के कार्य को पूर्ण कराने के लिए सम्बंधित को सख्त निर्देश दिये गये। इस कम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक को भी उक्त कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिये जाते हैं। सत्र में ए०एन०एम० साधना सिंह एवं मनीषा गौतम तथा सीएचओ निशा साहू कार्य कर रहीं थी। सीएचओ द्वारा अब तक 76 मरीजों का सिकिल सेल एनीमिया के लिए स्क्रीनिंग की जा चुकी थी। 20 बच्चों एवं 02 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा चुका था। लाजिस्टिक में छाया और ईजी पिल्स उपलब्ध नहीं थे जिसके लिए ए०एन०एम० को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि भविष्य में वीएचएसएनडी सत्र के पूर्व समस्त लाजिस्टक की उपलब्धता सुनिश्चित कर लिया जाय। आगनबाड़ी कार्यकत्री कंचन गुप्ता उपस्थित थी लेकिन उनके पास वजन मशीन एवं बच्चों की ऊंचाई नापने के उपकरण उपलब्ध नहीं थे। पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि मशीन खराब है और जिसकी सूचना सीडीपीओ को दी जा चुकी है। इस सम्बंध में सीडीपीओ के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित है। इस उपकेन्द्र पर भी पानी की सुविधा एवं शौचालय उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण नियमित डिलीवरी का कार्य नहीं हो पाता। इस सम्बंध में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा० प्रेमनाथ को निर्देशित किया जाता है कि चूंकि यह भवन ओबरा पावर प्रोजेक्ट द्वारा उपलब्ध कराया गया है इसलिए इस सम्बंध में वहां के समुचित प्रभारी से सम्पर्क करते हुए पानी एवं शौचालय की व्यवस्था ठीक कराना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात अपराहन 1:30 बजे गीता मंदिर पर आयोजित वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण किया गया। ए०एन०एम० रुबीना द्वारा टीकाकरण का कार्य किया जा रहा था। ड्यू लिस्ट में से 22 बच्चे व 06 गर्भवती महिलायें चिन्हित थी जिसके सापेक्ष 13 बच्चों एवं 06 गर्भवतियों का टीकाकरण किया जा चुका था। आशा ममता रानी उपस्थित थी और टीकाकरण में सहयोग कर रहीं थी आगनबाड़ी कार्यकत्री शीला देवी एवं पुष्पा देवी उपस्थित थीं परन्तु उनके द्वारा पोषण कार्नर नहीं बनाया गया था. जिसके लिए उन्हें सच्ता चेतावनी दी गयी। इस सम्बंध में सीडीपीओ के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित है।

## संक्षिप्त खबरें

### परिवार न्यायालय मऊ द्वारा निर्गत वारण्ट से सम्बन्धित वारंटी नोनहरा पुलिस की गिरफ्त में

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष नोनहरा मय हमराह द्वारा माननीय न्यायालय प्रधान पारिवार न्यायालय जनपद मऊ द्वारा निर्गत रिकवरी/गिरफ्तारी वारण्ट के आदेश के अनुपालन में वारण्टी मु0शमीम अख्तर पुत्र मु0 हसीर निवासी ग्राम पारा थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर को उसके घर पर दबिश देकर समय करीब 2.15 बजे थानाध्यक्ष नोनहरा कमलेश कुमार, उप निरीक्षक सचिन सिंह मय हमराह कांस्टेबल अजय गुप्ता, कांस्टेबल आलोक तिवारी द्विवेदी द्वारा हिरासत पुलिस में लिया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है।

### काशी विद्यापीठ : पी-एच.डी. 2021 बैच की कोर्स वर्क परीक्षा 15 मई से

वाराणसी। हिन्दी विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पी-एच.डी. सत्र- 2021 के शोधार्थियों की प्री.पी-एच.डी. 2021 बैच की कोर्स वर्क परीक्षा 15 एवं 17 मई को होगी। हिन्दी और अन्य भारतीय भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. निरंजन सहाय ने बताया कि कोर्स वर्क परीक्षा मानविकी संकाय के कक्ष संख्या 19, 20 एवं 21 में अपराह्न 01.30 से 04.30 बजे तक संपन्न होगी। शोधार्थी अपना प्रवेश पत्र 12 मई से विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

### लकड़ी व्यवसाइयों को दिलाई गयी मतदान की शपथ



प्रखर वाराणसी। लोक सभा चुनाव के ब्रांड एंबेसडर और लघु उद्योग भारती काशी प्रांत के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने लोहटिया मे आयोजित कार्यक्रम मे लकड़ी व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों को शत प्रतिशत मतदान मतदान करने की शपथ दिलाई ` राजेश कुमार सिंह ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग घरों से निकलकर मतदान केंद्रों तक आए और अपने मत का प्रयोग करें उन्होने उद्यमियों से कहा की पिछली बार के लोक सभा चुनाव से वोट प्रतिशत ज्यादा हो इसका हमे प्रयास करना होगा वोट करना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। कार्यक्रम में रामसेवक विश्वकर्मा, शिव कुमार विश्वकर्मा, बनारसी शर्मा,नरेश गुप्ता, ऋषि गुप्ता,मुन्ना विश्वकर्मा, पंकज यादव, दिलीप कुमार, अमन कुमार लकड़ी व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों ने भाग लिया।

### महाराणा प्रताप की जयंती पर राहगीरों को पिलाया गया शरबत




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जमानियां के स्थानीय रेलवे स्टेशन स्थित रुद्रेश सिंह के आवास पर महाराणा प्रताप सिंह की जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनायी गयी। इस दौरान आयोजको द्वारा आते जाते लोगों मे शरबत का वितरण किया गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा के लोकप्रिय जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह के नेतृत्व मे गुरुवार को रेलवे स्टेशन बाजार स्थित रुद्रेश सिंह के आवास पर जहाँ जयंती को धूमधाम से मनाया गया। वही अखिल भारतीय क्षेत्रीय महासभा युवा के सैकड़ों कार्यकर्ताओ के सहयोग से आते जाते राहगीरों को शरबत पिलाया।इस दौरान क्षत्रिय महासभा युवा के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने विस्तार से बताया की महाराणा प्रताप का जन्म- 9 मई, 1540 ई. कुम्भलगढ़, राजस्थान; मृत्यु- 29 जनवरी, 1597 ई.)[१] का नाम भारतीय इतिहास में वीरता और दृढ़ प्रतिज्ञा के लिए अमर है। वे उदयपुर, मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा थे। वह तिथि धन्य है। जब मेवाड़ की शौर्य-भूमि पर 'मेवाड़-मुकुट मणि' राणा प्रताप का जन्म हुआ। वे अकेले ऐसे वीर थे, जिसने मुगल बादशाह अकबर की अधीनता किसी भी प्रकार स्वीकार नहीं की। वे हिन्दू कुल के गौरव को सुरक्षित रखने में सदा तल्लीन रहे। राजकुमार सिंह ने बताया की महाराणा प्रताप की जयंती विक्रमी सम्वत कॅलण्डर के अनुसार प्रतिवर्ष ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाई जाती है। इसके साथ ही अखिल भारतीय क्षेत्रीय महासभा युवा के जिलाध्यक्ष ने अपने हाथों से उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओ व समाजसेवियों को सर पर साफा बांध सम्मानित किया। उक्त मौके पर रुद्रेश सिंह,अनिल सिंह,अमरनाथ सिंह,विनय सिंह मुकेश सिंह, संदीप कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, शशि जायसवाल,चंदन, छोटू यादव, काव्या पांडे, राजीव, सचिन वर्मा, भानु सिंह,के साथ दर्जन भर कार्यकर्ता और सहयोगी उपस्थित रहे।

### लोक सभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु व्यय प्रेक्षक का जनपद में हुआ आगमन

सोनभद्र। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जनपद में कल शायं मा0 व्यय प्रेक्षक श्री असलम हशन (आई0आर0एस0-2005) जी का आगमन हुआ, मा0 व्यय प्रेक्षक महोदय का मो0 नं0-9236075910 तथा टेलीफोन नम्बर-05444-297711 है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान व्यय से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या के सम्बन्ध में सर्किट हाउस चुर्क सोनभद्र के कक्ष संख्या-201 में प्रातः 09.00 बजे से पूर्वान्ह 11.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

### नामांकन के दूसरे दिन विधान सभा दुद्धी के लिए एक व्यक्ति ने 2 सेट में नामांकन पत्र किया प्राप्त

सोनभद्र। कलेक्ट्रट सभागार में स्थापित लोकसभा सामान्य निर्वाचन,2024, के दौरान दुद्धी विधान सभा उप निर्वाचन के लिए बहुजन समाज पार्टी से रवि सिंह ने 02 सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किये।

### व्यय प्रेक्षक ने सहायक व्यय प्रेक्षक, वीडियो अवलोकन टीम, वीडियो निगरानी टीम व लेखा टीम के अधिकारियों के साथ की बैठक

सोनभद्र। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80-राबर्ट्सगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नियुक्त मा0 व्यय प्रेक्षक श्री असलम हसन (आई0आर0एस0) की अध्यक्षता में श्री चन्द्र विजय सिंह जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, डॉ0 यशवीर सिंह पुलिस अधीक्षक, श्री सहदेव कुमार मिश्र उप जिला निर्वाचन अधिकारी, श्री सुभाष चन्द्र यादव अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), श्री त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी अपर पुलिस अधीक्षक की उपथिति में निर्वाचन व्यय के सम्बन्ध में बैठक की गयी, इस दौरान मा0 व्यय प्रेक्षक ने समस्त सहायक व्यय प्रेक्षक, उड़नदस्ता टीम, वीडियो अवलोकन टीम, वीडियो निगरानी टीम, लेखा टीम, एम0सी0एम0सी0 टीम के के सदस्यों के साथ बैठक की, उन्होंने कहा कि जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन/दुद्धी विधान सभा, उप निर्वाचन हेतु गठित टीमों द्वारा मा0 भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी कार्यवाही निश्चित समय अवधि में किया जाना सुनिश्चित किया जाये, उन्होंने कहा है कि एफ0एस0टी0, एस0एस0टी0 टीमों द्वारा अपने क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए अनाधिकृत तरीके से वाहनों के माध्यम से ले जा रहे धनराशि की चेकिंग की कार्यवाही अनवरत रूप से सुनिश्चित करायी जाये।

# खतरे की रेखा पार कर रहे हैं सिख अलगाववादी समूह



■ कनाडा में भारतीय राजनयिक संजय कुमार वर्मा ने किया आगाह

**ओटावा(भाषा)।** भारत-कनाडा संबंधों में राजनयिक तनाव के बीच यहां भारत के उच्चायुक्त ने चेतावनी दी है कि कनाडा में सिख अलगाववादी समूह खतरे की बड़ी रेखा को पार कर रहे हैं जिसे नई दिल्ली राष्ट्रीय सुरक्षा तथा देश की क्षेत्रीय अखंडता के मुद्दे के रूप में देखती है। खालिस्तान समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किए जाने और अदालत में पेश किए जाने के बाद से अपने पहले सार्वजनिक बयान में कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने यह बात कही। सीटीवी न्यूज की खबर के अनुसार वर्मा इस मामले को घरेलू अपराधों से जोड़ते दिखे।

संजय कुमार वर्मा ने यह भी चेतावनी दी कि कनाडा में सिख समूह जो भारत से अलग होने का आह्वान करते है, वे खतरे की एक बड़ी रेखा को पार कर रहे है जिसे नई दिल्ली राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले के रूप में देखती है।

वर्मा ने प्रसिद्ध थिंक टैंक 'मांट्रियल काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशन्स' से कहा, भारतीय भारत की दशा तय करेंगे, विदेशी नही। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और कनाडा के बीच संबंध कुल मिलाकर सकारात्मक है, भले ही उन्हें लेकर 'बहुत हंगामा' हो रहा है। वर्मा ने यह भी कहा कि दोनों देश इस मुद्दे का समाधान करने का प्रयास कर रहे है। हम किसी भी दिन बातचीत के लिए बैठने को तैयार है और हम ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालिया 'नकारात्मक' घटनाक्रम के पीछे की गहरी समस्याएं दशकों पुराने मुद्दों के बारे में कनाडा की गलतफहमी से जुड़ी है, जिन्हें फिर से उभरने के लिए वह भारतीय मूल के कनाडाई लोगों को दोषी मानते है।

वर्मा ने कहा कि उनकी मुख्य चिता 'कनाडा की भूमि से उत्पन्न होने वाले राष्ट्रीय-सुरक्षा संबंधी खतरों' को लेकर है। उन्होंने कहा कि भारत दोहरी नागरिकता को मान्यता नही देता, इसलिए जो कोई भी प्रवासी होता है उसे विदेशी माना जाता है। उन्होंने कहा, अगर मै इसे ऐसे कह सकूं कि विदेशियों की भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर बुरी नजर है , यह हमारे लिए एक बड़ी खतरे की रेखा है। खबर के अनुसार वर्मा ने यह स्पष्ट नही किया कि क्या वह निज्जर मामले में शामिल विदेशियों का जिक्र कर रहे थे या व्यापक तौर पर सिख अलगाववाद की ओर इशारा कर रहे थे। भारत ने मंगलवार को कनाडा से कहा कि हिंसा का जश्न मनाना और उसका महिमामंडन करना किसी भी सभ्य समाज का हिस्सा नही होना चाहिए। भारत ने कहा कि कानून के शासन का सम्मान करने वाले लोकतांत्रिक देशों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कट्टरपंथी तत्वों को डराने-धमकाने की अनुमति नही देनी चाहिए।

# एस्ट्राजेनेका ने कोरोना टीके वापस मंगाए





■ उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को बताया वजह

**नई दिल्ली/लंदन (भाषा)।** ब्रिटेन की प्रमुख औषधि निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से अपने कोरोना रोधी टीके वापस मंगाने शुरू कर दिए है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि महामारी के बाद से उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को देखते हुए इन्हें वापस मंगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। कंपनी ने कुछ दिन पहले यह स्वीकार किया था कि उसके टीकों के कारण खून के थक्के जमने और प्लेटलेट कम होने के मामले सामने आए हैं।

एस्ट्राजेनेका ने सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के साथ मिलकर भारत को कोविशील्ड टीकों की आपूर्ति की थी। एस्ट्राजेनेका ने कोरोना टीके विकसित करने के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी की थी। इन टीकों को भारत में कोविशील्ड और यूरोप में 'वैक्सजेवरिया' के नाम से बेचा गया था।

यूरोपीय संघ की औषधि नियामक यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी ने मंगलवार को नोटिस जारी कर पुष्टि की कि मार्च में एस्ट्राजेनेका द्वारा मंजूरी वापस लेने के बाद वैक्सजेवरिया अब ईयू के 27 सदस्य देशों में इस्तेमाल के लिए अधिकृत नहीं है। एस्ट्राजेनेका के बयान में कहा गया कि इसी तरह वह वैक्सजेवरिया के लिए विपणन मंजूरी वापस लेने के लिए दुनिया भर के नियामक अधिकारियों के साथ काम करेगी।

बयान में कहा गया है, इसलिए एस्ट्राजेनेका ने यूरोप में वैक्सजेवरिया के लिए विपणन मंजूरी को वापस लेने का निर्णय लिया है। अब हम इस अध्याय को समाप्त करने और कोरोना महामारी में महत्वपूर्ण योगदान के लिए एक स्पष्ट मार्ग पर आगे बढ़ने को लेकर नियामकों और हमारे भागीदारों के साथ काम करेंगे। बयान में कहा गया है, चूंकि कई प्रकार के कोरोना टीके विकसित हो चुके है, इसलिए उपलब्ध टीकों की संख्या अधिक है। इससे 'वैक्सजेवरिया' की मांग में गिरावट आई है, जिसका उत्पादन या आपूर्ति अब नही की जा रही है। इससे पहले, वैश्विक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि उसकी वैक्सीन के बहुत ही दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकते है। कंपनी ने दुष्प्रभावों का जिक्र किए बिना कहा था, वैश्विक महामारी को समाप्त करने में वैक्सजेवरिया ने जो भूमिका निभाई, उस पर हमें अविश्वसनीय रूप से गर्व है।

## संक्षिप्त खबरें

### बांग्लादेश में धूमधाम से मनाई गई टैगोर जयंती

**ढाका।** विश्वकवि एवं साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवीन्द्रनाथ टैगोर की 163वीं जयंती पर बांग्लादेश में उनकी साहित्यिक विरासत का जश्न मनाते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। बंगाली कैलेंडर के मुताबिक श्री टैगोर की बुधवार को जयंती मनाई गई। बांग्लादेशियों के लिए टैगोर का सबसे महत्वपूर्ण योगदान उनका राष्ट्रगान, 'आमार सोनार बांग्ला' है। मूल रूप से 1905 में बंगाल के पहले विभाजन के दौरान रचित यह गान भूमि की प्रचुर सुंदरता, समृद्ध इतिहास और लचीले लोगों के प्रति प्रेम को अभिव्यक्त करता है। टैगोर का काम सार्वभौमिक मानवीय भावनाओं की खोज है और पीढ़ियों से लोगों के लिए प्रासंगिक होने के कारण समय की कसौटी पर खरा उतरा है। वर्ष 1913 में टैगोर साहित्य में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले गैर-यूरोपीय बने।

### हांगकांग : विरोध प्रदर्शनों से जुड़े गीत पर प्रतिबंध

**हांगकांग।** हांगकांग की एक अपीलीय अदालत ने पिछला फैसला पलटते हुए विरोध प्रदर्शन से जुड़े लोकप्रिय गीत पर प्रतिबंध लगाने का सरकार का अनुरोध बुधवार को स्वीकार कर लिया है। साल 2019 में व्यापक सरकार-विरोधी प्रदर्शनों के दौरान अकसर 'ग्लोरी टू हांगकांग' गीत गाया जाता था। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय खेल कार्यक्रमों में चीन के मार्च ऑफ द वॉलंटियर की जगह गलती से इस गीत को हांगकांग के गीत के तौर पर चलाया गया, जिससे हांगकांग के अधिकारी नाराज हो गए थे। गीत के प्रसारण या वितरण पर रोक लगाए जाने से हांगकांग में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रभावित होने की आशंका है।

### म्यांमार में 10.5 लाख नशीली गोलियां जब्त

**यांगून।** म्यांमार पुलिस ने पूर्वी म्यांमार के शान प्रांत में 15 लाख नशीली गोलियां जब्त की है। सेंट्रल कमेटी फॉर ड्रग एब्यूज कंट्रोल (सीसीडीएसी) की ओर से जारी बयान के अनुसार खुफिया जानकारी के आधार पर छेड़े गए अभियान के दौरान पुलिस ने नॉन्गकियो टाउनशिप में एक ट्रक को रोका और तलाशी ली। ट्रक में भारी मात्रा में रखी गयी नशीली गोलियां जब्त की। मौके से भागने के लिए प्रयासरत ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया , लेकिन ट्रक नवांघकिओ-यात्सौक रोड के पास एक खड्ड में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जब्त दवाओं की कीमत लगभग 75 करोड़ क्याट है। शुरुआती जांच में पता चला है कि नशीली दवाइयों को शान प्रांत से मांडले ले जाया जा रहा था।

## खालिस्तानी अलगाववादी निज्जर हत्या मामला

# तीनों आरोपी कनाडा कोर्ट में पेश



■ मामले को लेकर भारत-कनाडा में राजनयिक तनाव

**ओटावा (भाषा)।** खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए तीन भारतीय नागरिकों को पहली बार वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कनाडा की अदालत में पेश किया गया। इस हत्याकांड से कनाडा-भारत के संबंधों में तनाव पैदा हो गया है। एडमॉन्टन में रहने वाले भारतीय नागरिकों 22 वर्षीय करण बराड़, 22 वर्षीय कमलप्रीत सिंह और 28 वर्षीय करणप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया गया और शुक्रवार को उन पर हत्या व हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया।

'वैंकूवर सन' अखबार ने बताया कि सरे की खचाखच भरी प्रांतीय अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए तीनों को अलग-अलग पेश किया गया। वे अपने वकीलों से सलाह-मशविरा करने के लिए वक्त दिए जाने की वजह से 21 मई तक मुकदमे की सुनवाई स्थगित करने पर सहमत हुए। माना गया है कि गिरफ्तार किए गए लोग उस कथित समूह के सदस्य है जिन्हें निज्जर की हत्या करने का काम सौंपा गया था। खबर में कहा गया है कि वे ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में सरे प्रांतीय अदालत में पेश हुए।

आरोपी जेल की लाल रंग की टी-शर्ट और पैंट पहने हुए नॉर्थ फ्रेजर प्रीट्रायल सेंटर से अलग-अलग पेश किया गया। दो आरोपियों को सुबह पेश किया गया जबकि कमलप्रीत सिंह को एक वकील से विचार-विमर्श करने का समय देने के लिए दोपहर के भोजन के बाद पेश किया गया। खबर में कहा गया है कि तीनों अंग्रेजी भाषा में मुकदमा चलाए जाने पर राजी हुए और तीनों ने माना कि उन्हें निज्जर की प्रथम-डिग्री हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोपों के बारे में पता है। अदालत ने क्राउन अभियोजकों के उस अनुरोध को स्वीकार कर लिया कि कनाडा आपराधिक संहिता के तहत इन आरोपियों पर सात लोगों से संपर्क करने पर रोक रहेगी। आदेश में जिन सात लोगों का नाम लिया गया है उनमें निज्जर का बेटा बलराज निज्जर (21) और हरजिंदर निज्जर, मेहताब निज्जर, सरनदीप सहज, हरसिमरनजीत सिंह, अर्शदीप कपूर और मलकीत सिंह शामिल हैं।

सरे के आपराधिक और प्रवासी मामलों के वकील अफान बाजवा ने बताया कि आरोपियों का अगला कदम जमानत के लिए याचिका देना होगा। बाजवा ने कहा कि उन्हें जमानत पर रिहा करने की संभावना इस पर निर्भर करेगी कि क्या उनके वकील न्यायाधीश के समक्ष मजबूत पैरवी करते है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें जमानत पर रिहा करना मुश्किल हो सकता है क्योंकि उनके देश छोड़कर भागने का और जन सुरक्षा को खतरा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर मुकदमे की सुनवाई आगे चलती है और उन्हें प्रथम-डिग्री हत्या का दोषी पाया जाता है तो उन्हें कम से कम 25 साल तक पैरोल पर रिहा करने की कोई गुंजाइश नहीं होगी।

# भारतीय-अमेरिकी पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के समर्थन में



■ अमेरिका में भारतीय प्रवासी समुदाय के एक प्रभावशाली नेता अजय जैन भुटोरिया ने कहा

**सांता क्लारा (भाषा)।** अमेरिका में भारतीय प्रवासी समुदाय के एक प्रभावशाली नेता अजय जैन भुटोरिया ने कहा कि ज्यादातर भारतीय-अमेरिकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तीसरा कार्यकाल चाहते हैं क्योंकि उनकी सरकार की नीतियां भारत को बदल रही है। डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए निधि जुटाने वाले भुटोरिया ने कहा कि भारतीय अमेरिका में गहन आर्थिक वृद्धि का हिस्सा है और वे आर्थिक वृद्धि में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे है। जब भारतीय-अमेरिकी भारत में ऐसी ही आर्थिक वृद्धि देखते है तो उन्हें इस पर गर्व महसूस होता है।

भुटोरिया ने कहा, 'मुझे लगता है कि अधिकतर भारतीय-अमेरिकी चाहते है कि प्रधानमंत्री मोदी वापसी करें। जब भारत चमकता है तो उन्हें गर्व महसूस होता है। उन्हें गर्व महसूस होता है कि भारत वृद्धि कर रहा है। भारत लगभग छह से सात फीसदी की तेज गति से आर्थिक विकास कर रहा है। जब मै आंकड़े पढ़ रहा था तो यह कहते है कि भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए इस साल के अंत तक जापान को पीछे छोड़ देगा। और संभवतः 2027 तक भारत, अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। भुटोरिया ने कहा कि अधिकतर भारतीय-अमेरिकी चाहते है कि मोदी को तीसरा कार्यकाल मिले। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां भारत को बदल रही है चाहे वाणिज्य के क्षेत्र में हो या छोटे कारोबार या बड़े कारोबार, रेल विकास या सड़क बुनियादी ढांचा क्षेत्र में हो। उन्होंने कहा, पीएम मोदी भारत वंशियों तक अच्छी पहुंच रखते है चाहे यह 2014 में हो, या 2019 में या फिर हाल ही में 2023 में जब राष्ट्रपति बाइडन ने उनके सम्मान में राजकीय भोज आयोजित किया था। तब 4,500 से अधिक भारतीय अमेरिकी व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में मौजूद थे। उन्हें वहां रहना और एक वैश्विक नेता के तौर पर भारत को मिलता सम्मान अच्छा लगा।

## भारत को विश्व स्तर पर खड़ा कर रहे मोदी : भट

**सांता क्लारा (भाषा)।** सिलिकॉन वैली स्थित प्रौद्योगिकी उद्यमी संदीप भट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को फिर से खड़ा करने और वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ने के लिए अभूतपूर्व काम कर रहे है। 'डिवाइसथ्रेड' के सह-संस्थापक भट ने कहा, 'निष्पक्ष रूप से कहें तो, जब आप भारत में प्रचलित भावना या विश्व स्तर पर भारत के बारे में भावना को देखते है, तो आपके पास एकमात्र अवलोकन यह होता है कि मोदी भारत को विश्व मंच पर फिर से खड़ा करने के लिए अभूतपूर्व काम कर रहे है।'

डिवाइसथ्रेड एक स्टार्टअप है जिसका उद्देश्य डिजिटल और भौतिक बुनियादी ढांचे को जोड़कर आतिथ्य उद्योग में क्रांति लाना है। वैश्विक उद्यमिता संगठन 'टीआईई' सिलिकॉन वैली के बोर्ड सदस्य भट ने कहा, 'यह निश्चित तौर पर मेरी निजी भावना है। मै टीआईई की ओर से नहीं बोल सकता लेकिन मै व्यक्तिगत रूप से मोदी का बड़ा प्रशंसक हूं और मै उम्मीद करता हूं कि उनका नेतृत्व आने वाले वर्षों में भारत को अगले स्तर तक लेकर जाएगा।' उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में भारत में काफी विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उद्यमी भारतीय बाजार में प्रवेश करना चाहता है।

# गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने को केरेम शालोम क्रॉसिग खुला

**यरूशलम (एपी)।** इस्राइली सेना ने बुधवार को कहा कि उसने गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अहम केरेम शालोम क्रॉसिग को फिर से खोल दिया है। क्रॉसिग के समीप हमास के एक रॉकेट हमले में चार इस्राइली सैनिकों के मारे जाने के बाद इसे रविवार को बंद कर दिया गया था। इस्राइली टैंक ब्रिगेड ने मंगलवार की सुबह क्रॉसिग पर कब्जा कर लिया और क्रॉसिग बंद कर दिया था।

इस इलाके में रातभर विस्फोट और गोलीबारी की आवाजें सुनी गई। इसमें बुधवार को सुबह हुए दो विस्फोट भी शामिल थे। युद्ध की शुरुआत से ही राफामानवीय सहायता का अहम माध्यम रहा है और यह इकलौता राज्य है जहां से लोग गाजा में आ और जा सकते है। करीब दो दशक पहले क्षेत्र से सैनिकों की वापसी के बाद से पहली बार गाजा सीमा की सभी क्रॉसिग पर इस्राइल का कब्जा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि चिकित्सीय इलाज के लिए जाने वाले कम से कम 46 मरीज और घायल फंस गए है।

संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और सहायता समूहों ने हाल के सप्ताहों में मानवीय सहायता बढ़ा दी है क्योंकि इस्राइल ने निकटतम सहयोगी अमेरिका के दबाव में प्रतिबंध हटाए है और उत्तर में एक अतिरिक्त क्रॉसिग खोल दी है। हालांकि सहायता कर्मियों का कहना है कि ईंधन वाले ट्रक और जेनरेटरों के लिए इकलौते प्रवेश द्वार राफा के बंद होने के गंभीर परिणाम हो सकते है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उत्तरी गाजा पहले ही पूरी तरह अकाल की स्थिति में है।

## सिखों के लिए पाकिस्तान के दरवाजे खुले हैं : राजदूत

**वॉशिंगटन (वार्ता)।** अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत मसूद खान ने बुधवार को कहा कि सिखों के लिए उनके देश के दरवाजे खुले हैं तथा पाकिस्तानी सरकार और वहां के लोग सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को अच्छी तरह से समझते हैं।

खान ने वाशिंगटन स्थित पाकिस्तानी दूतावास में अमेरिकी पंजाबी सोसायटी के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के दौरान इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार ने विभिन्न धर्मो के लोगों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए धार्मिक पर्यटन के संबंध में अपनी वीजा नीति को भी सरल बनाया है। राजदूत ने सिख समुदाय को सुविधा जारी रखने के सरकार के संकल्प की पुष्टि की और साथ ही कहा कि उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को उनकी वीजा प्रक्रिया और पाक यात्रा के दौरान सिख हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

# एम्पायर स्टेट को जगमगाने में विकास खन्ना शामिल

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** मशहूर शेफ विकास खन्ना ने भुखमरी से लड़ने के अभियान को रेखांकित करने के लिए यहां प्रसिद्ध एम्पायर स्टेट बिल्डिंग को रोशनी से जगमगा दिया। खन्ना (52) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, 'कितने सम्मान की बात है। आज मैंने दुनिया की सबसे मशहूर इमारत 'द एम्पायर स्टेट' को रोशन किया।'

गैर-लाभकारी संगठन 'सिटी हार्वेस्ट' के साथ साझेदारी में न्यूयॉर्क की इस मशहूर इमारत को जगमग करने लिए आयोजित विशेष समारोह में हल्के हरे रंग का कुर्ता पहने खन्ना ने कहा कि अपनी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हुए, साथ ही न्यूयॉर्क शहर की संस्कृति को एकीकृत करते हुए एम्पायर स्टेट बिल्डिंग को रोशन करने के लिए



'सम्मानित और विशेषाधिकार प्राप्त' महसूस कर रहे है।

# अमेरिका ने इस्राइल को गोला बारूद की आपूर्ति रोकी

■ गाजा के राफा पर इस्राइली जमीनी कार्रवाई को लेकर चिंतित है बाइडन प्रशासन

**वॉशिंगटन (एपी)।** अमेरिका ने पिछले सप्ताह से इस्राइल को गोला बारूद की खेप की आपूर्ति रोक दी है। अमेरिका ने यह कदम उसकी इच्छा के खिलाफ गाजा के राफा शहर पर बड़े पैमाने पर हमला करने के इस्राइल के फैसले को लेकर उठाया है। राफा पर हमले को लेकर चिंता जताते हुए एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि खेप में 2000 पाउंड वजन (900 किलोग्राम) के 1800 बम और 500 पाउंड वजनी (225 किलोग्राम) 1700 बम भेजे जाने थे।

अमेरिका ने इस बात पर चिंता है कि इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटकों का इस्तेमाल घनी आबादी वाले क्षेत्र में किया जा सकता है। चरमपंथी हमास द्वारा पिछले साल सात अक्टूबर को इस्राइल पर घातक हमला किये जाने के जवाब में इस्राइलने गाजा पट्टी पर आक्रमण शुरू कर दिया था, जिसके बाद से 10 लाख से अधिक नागरिकों ने राफा में शरण लिये हुए हैं। अमेरिका ने ऐतिहासिक रूप से इस्राइल को भारी मात्रा में सैन्य सहायता मुहैया कराता रहा है।

हमास के सात अक्टूबर के हमले के बाद इसमें काफी तेजी दिखी गई। हमास के हमले में इस्राइल में लगभग 1,200 लोगों की जान चली गई थी और लगभग 250 लोगों को चरमपंथियों ने बंधक बना लिया। गोला बारूद की खेप को रोकने से इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन के बीच बढ़ता गतिरोध और खुलकर सामने आया गया है।

## एक और इस्राइली बंधक की मौत

**गाजा (आईएएनएस)।** गाजा में एक इस्राइली बुजुर्ग बंधक की मौत हो गई। हमास का कहना है कि उसे एन्क्लेव में अस्पतालों पर इस्राइली हमलों के बीच इलाज नहीं मिला, जिस कारण उसकी मौत हो गई। शिन्हुआ के अनुसार, हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने कहा, गाजा पट्टी में हमलों में अस्पतालों के नष्ट होने के कारण बुजुर्ग महिला जूडी फेनस्टीन को गहन चिकित्सा देखभाल नहीं मिली, जिससे उसकी मौत हो गई।

## फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनों के खिलाफ कड़ा रुख

**शिकागो(एपी)।** अमेरिका के शिकागो विश्वविद्यालय में पुलिस ने फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के तंबू हटा दिए। इससे पहले नरम रुख अपनाने वाले विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि प्रदर्शन अपनी सीमा पार कर चुके है और सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई है।

दंगा रोधी बल के अधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर का रास्ता बंद कर दिया, जिसके बाद विश्वविद्यालय के अध्यक्ष पॉल एलिविसाटोस ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करना विवि की जिम्मेदारी है। हालांकि उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अब बहुत हो गया। उन्होंने संदेश में कहा, विवि एक ऐसी जगह है जहां असहमति जताने वालों के पास अपनी बात रखने के कई रास्ते है, लेकिन हम ऐसा माहौल नही बनने दे सकते, जिसमें कुछ लोगों की अभिव्यक्ति हावी हो जाए और बाकी लोगों का कामकाज प्रभावित हो।

## चीन को सेमीकंडक्टर आपूर्तिकर्ताओं के लाइसेंस रद्द

**वॉशिंगटन (वार्ता)।** अमेरिका में बाइडन प्रशासन ने संचार प्रौद्योगिकी की दिग्गज कंपनी हुआवेई को सेमीकंडक्टर की आपूर्ति करने के लिए इंटेल और क्वालकॉम को दिए गए लाइसेंस को रद्द कर दिया है।

फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने कुछ निर्यात लाइसेंसों को रद्द करके, प्रभावित कंपनियों को सूचित किए बिना, लैपटॉप और मोबाइल फोन चिप्स तक हुआवेई की पहुंच को प्रभावित किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता ने कहा, 'हम लगातार बदलते खतरे वाले माहौल और तकनीकी परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए आकलन करते है कि हमारे नियंत्रण हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के हितों की सर्वोत्तम रक्षा कैसे कर सकते हैं।'

# भारत ने संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कोष में पांच लाख डॉलर दिए



**संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कोष में 5 लाख डॉलर का योगदान दिया है जो आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में बहुपक्षीय प्रयासों को समर्थन देने की उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि एवं राजदूत रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कार्यालय के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव को 'यूएन काउंटर-टेररिज्म ट्रस्ट फंड' (सीटीटीएफ) में देश की ओर से पांच लाख डॉलर का स्वैच्छिक वित्तीय योगदान सौंपा।

कंबोज ने एक बयान में कहा, भारत आतंकवाद के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सदस्य देशों की क्षमता निर्माण में संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद-रोधी कार्यालय के निर्णय और कार्यो को बहुत महत्व देता है। नवीनतम योगदान आतंकवाद के संकट के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाले बहुपक्षीय प्रयासों का समर्थन करने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

भारत के योगदान से संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कार्यालय के वैश्विक कार्यक्रम को मदद मिलेगी, विशेषकर आतंकवाद के वित्त पोषण से निपटने और आतंकवादियों की आवाजाही से निपटने में। नवीनतम योगदान के साथ ही भारत अभी तक इस ट्रस्ट को 25.5 लाख डॉलर का वित्तीय सहयोग दे चुका है।

# 10-15 साल में गरीबी पूरी तरह खत्म हो जाएगी



■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, यह मोदी की गारंटी है

■ नेहरू से लेकर मनमोहन तक सभी गरीबी खत्म करने का वादा किया लेकिन विफल रहे

**भवानीपटना (ओडिशा) (भाषा)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को दावा किया कि अगले 10-15 वर्षों में भारत से गरीबी पूरी तरह खत्म हो जाएगी और यह 'मोदी की गारंटी' है। सिंह ने यहां कालाहांडी जिला मुख्यालय शहर में भाजपा की 'विजय संकल्प' रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, 'पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और मनमोहन सिंह तक सभी कांग्रेस नेताओं ने गरीबी खत्म करने का वादा किया है, लेकिन वे सभी विफल रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हालांकि गरीबी को खत्म करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।'

मोदी के नौ साल के शासन के दौरान लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर आने का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि यह भाजपा का दावा नहीं है, बल्कि नीति आयोग की रिपोर्ट है। उन्होंने दावा किया कि किसी भी पिछली सरकार ने ऐसा कभी नहीं किया, जैसा मोदी ने पिछले नौ वर्षो में किया है। सिंह ने कहा, 'अगले पांच वर्षो में भारत में कोई भी परिवार ऐसा नहीं होगा जिसके पास पक्का घर, पाइप से पीने का पानी और रसोई गैस कनेक्शन नहीं होगा।'

कालाहांडी की स्थिति को याद करते हुए, भाजपा नेता ने कहा कि गैर सरकारी संगठनों के लोग कालाहांडी आ रहे थे और 'गरीबी पर्यटन' पर लेख लिख रहे थे, क्योंकि यह जगह भूख, भूख से मौत और गरीबी के लिए जानी जाती थी। उन्होंने कहा, केंद्र में हालांकि मोदी सरकार के नौ वर्ष के शासन के दौरान चीजों में व्यापक बदलाव आया है। सिंह ने भाजपा की कालाहांडी लोकसभा उम्मीदवार मालविका देवी के शब्दज्ञान की सराहना करते हुए कालाहांडी के लोगों से राष्ट्रीय स्तर पर स्थानीय मुद्दों को उचित ढंग से उजागर करने के लिए कमल के निशान को मत देने की अपील की। जनता के पैसे के खर्च पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के एक प्रसिद्ध वाक्य का हवाला देते हुए सिंह ने कहा, 'अगर केंद्र गरीबों के लिए एक रुपया भेजता था तो लाभार्थी तक केवल 15 पैसे ही पहुंच रहे थे। हालांकि, मोदी के जनधन खाते और बैंक में प्रत्यक्ष अंतरण प्रक्रिया से भ्रष्टाचार खत्म हो गया और लोगों को केंद्र द्वारा भेजा गया पैसा मिल रहा है।' सिंह ने लोगों से ओडिशा में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की।

## अमेरिका ने इस्राइल से की बात, कहा राफा ऑपरेशन का दायरा सीमित

**वॉशिंगटन (आईएएनएस)।** इस्राइली सरकार के साथ बातचीत के बाद अमेरिका इस बात पर जोर दे रहा है कि दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर पर सेना छोटा ऑपरेशन चलाएगी। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के संचार निदेशक जॉन किर्बी ने कहा, हमने बार-बार और लगातार राफा में घनी आबादी वाले इलाकों में एक बड़े ऑपरेशन के बारे में चिंता व्यक्त की है।

इस्राइली प्रतिनिधियों ने वाशिंगटन को आश्वासन दिया है कि एक छोटा ऑपरेशन चलाया गया है जिसका मकसद राफा सीमा के पार हथियारों के परिवहन की हमास की क्षमता को रोकना था। उन्होंने कहा कि आगे की कार्रवाई पर नजर रखी जा रही है। इस्लामी फिलिस्तीनी संगठन हमास के साथ एक बंधक समझौते पर बातचीत के बारे में किर्बी ने कहा कि उनका मानना है कि दोनों पक्षों में सहमति बन सकती है।

# भारत प्रेषित धन प्राप्त करने में दुनिया में सबसे आगे

■ संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी के अनुसार 2022 में दुनिया भर से 111 अरब डॉलर भारत पहुंचा

**संयुक्त राष्ट्र(भाषा)।** संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने कहा कि भारत को 2022 में 111 अरब डॉलर का प्रेषित धन प्राप्त हुआ जो दुनिया में सबसे अधिक है और इसी के साथ भारत 100 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने और बल्कि इसे पार करने वाला पहला देश बन गया है। 'इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन' (आईओएम) ने मंगलवार को जारी अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा कि 2022 में प्रेषित धन प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपीस और फ्रांस शामिल हैं।

प्रेषित धन या 'रेमिटेंस' का आशय प्रवासियों द्वारा मूल देश में मित्रों और रिश्तेदारों को किए गए वित्तीय या अन्य तरह के हस्तांतरण से है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत बाकी देशों में सबसे ऊपर रहा और उसे 111 अरब डॉलर से अधिक धनराशि मिली, जिसके साथ ही वह 100 अरब डॉलर तक पहुंचने और बल्कि इस आंकड़े को पार करने वाला पहला देश बन गया है। मेक्सिको 2022 में दूसरा सबसे ज्यादा प्रेषित धन प्राप्त करने वाला देश रहा। यह स्थान उसने 2021 में चीन को पीछे छोड़कर हासिल किया था। इससे पहले तक चीन भारत के बाद ऐतिहासिक रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा है। रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, भारत 2010 (53.48 अरब डॉलर), 2015 (68.91 अरब डॉलर) और 2020 (83.15 अरब डॉलर) में भी प्रेषित धन प्राप्त करने वाला शीर्ष देश रहा। उसे 2022 में 111.22 अरब डॉलर का प्रेषित धन मिला। दक्षिणी एशिया में तीन देश भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश दुनिया में अंतरराष्ट्रीय रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाले 10 शीर्ष देशों में शामिल रहे जो इस उपक्षेत्र से श्रमिकों के प्रवास के महत्व को दिखाता है। पाकिस्तान और बांग्लादेश 2022 में क्रमशः करीब 30 अरब डॉलर और 21.5 अरब डॉलर के साथ प्रेषित धन प्राप्त करने वाले छठा और आठवां देश रहे। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भी भारतीय मूल के होते है जिनकी कुल संख्या देश की कुल आबादी का करीब 1.3 प्रतिशत या 1.8 करोड़ है। उसकी ज्यादातर प्रवासी आबादी संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब जैसे देशों में रह रही है। वहीं, भारत प्रवासियों के लिए काम करने के क्रम में 13वें नंबर पर आता है और देश में 44.8 लाख प्रवासी मजदूर है।

## संक्षिप्त खबरें

### केनरा बैंक का लाभ बढ़ा



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का बीते वित्त वर्ष (2023-24) की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़कर 3,757 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बेंगलुरु के इस बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में 3,175 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। केनरा बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 34,025 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले साल समान तिमाही 28,685 करोड़ रुपये थी। ब्याज आय बढकर 28,807 करोड़ रुपये हो गई।

### वोल्टास के शेयर 9% टूटे

नई दिल्ली। एयर कंडीशनिंग व इंजीनियरिंग सेवा प्रदाता वोल्टास लिमिटेड के शेयर में बुधवार को नौ प्रतिशत से अधिक गिरावट आई। बीएसई पर शेयर 9.13 प्रतिशत गिरकर 1,261.65 रुपये पर आ गया। एनएसई पर यह 9.15 प्रतिशत गिरकर 1,262 रुपये पर रहा। कंपनी ने मंगलवार को बताया था कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा 22.75 प्रतिशत घटकर 110.64 करोड़ रुपये रह गया। यह गिरावट कंपनी के अधिक खर्चों की वजह से आई।

### एलएंडटी को मिले कई ठेके

नई दिल्ली। एलएंडटी के विद्युत पारेषण एवं वितरण कारोबार को देश और विदेश में कई ठेके मिले हैं। कंपनी को भारत में दो 'फ्लोटिंग' सौर संयंत्र स्थापित करने के ठेके मिले हैं। विद्युत पारेषण एवं वितरण इकाई को राजस्थान व कर्नाटक में सौर ऊर्जा क्षेत्रों को एकीकृत करने के लिए पारेषण लाइनें व गैस इंसुलेटेड सब स्टेशन लगाने के भी ठेके मिले हैं। कंपनी को विदेश में गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन बनाने का ठेका मिला है। संयुक्त अरब अमीरात में कंपनी को दो सबस्टेशन के निर्माण तथा संबंधित कार्यों का ठेका मिला है।

### टोयोटा का दोगुना मुनाफा

टोक्यो। टोयोटा का बित्ते वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध लाभ दोगुना हो गया। वाहनों की मजबूत बिक्री तथा अनुकूल विनिमय दर के दम पर जापान की शीर्ष वाहन विनिर्माता ने बेहतर प्रदर्शन किया। कंपनी ने बुधवार को जानकारी दी, टोयोटा मोटर कार्पोरेशन का वार्षिक मुनाफा 4900 अरब येन (31.9 अरब डालर) रहा, जो पिछले वर्ष के 2450 अरब येन से अधिक है। इसकी बिक्री 21 प्रतिशत बढ़कर 4500 अरब येन (290 अरब डालर) हो गई। परिणाम टोयोटा के स्वयं के 4500 अरब येन के अनुमान से अधिक रहे।

### भारत फोर्ज को मुनाफा

नई दिल्ली। मोटर वाहन कलपुर्जा विनिर्माता भारत फोर्ज लिमिटेड का 31 मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 77.8 प्रतिशत बढ़कर 227.12 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 127.74 करोड़ रुपये रहा था। भारत फोर्ज लिमिटेड की समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 4,164.21 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 3,629.05 करोड़ रुपये थी। चौथी तिमाही में कुल व्यय 3,843.55 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल इसी अवधि में 3,469.05 करोड़ रुपये था।

### ज्यूपिटर वैगन्स को लाभ

नई दिल्ली। परिवहन समाधान मुहैया कराने वाली कंपनी ज्यूपिटर वैगन्स लिमिटेड (जेडब्ल्यूएल) की मार्च तिमाही में आय बढ़ने से एकल आधार पर शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 104.22 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसने 40.78 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। आलोच्य तिमाही में जेडब्ल्यूएल की कुल आय बढकर 1,121.34 करोड़ रुपये हो गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 712.71 करोड़ रुपये थी।एजेंसी)


# गूगल ने भारत के एंड्रायड यूजर्स के लिए पेश किया वॉलेट

■ गैर भुगतान वाले मामलों के लिए होगा गूगल वॉलेट ■ इसमें रख सकेंगे विभिन्न प्रकार के कार्ड व कागजात

नई दिल्ली (भाषा)।

गूगल ने भारत में एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिए एक निजी डिजिटल वॉलेट पेश किया है। इसमें उपयोगकर्ताओं को लॉयल्टी कार्ड और गिफ्ट कार्ड, सार्वजनिक वाहनों के पास सहित अन्य चीजें रखने की सुविधा मिलेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि 'गूगल वॉलेट' को प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। डिजिटल वॉलेट की सेवा बुधवार से भारत में शुरू हो गई।

गूगल के महाप्रबंधक एवं इंडिया इंजीनियरिंग लीड (एंड्रॉयड) राम पापाटला ने कहा, 'गूगल पे कहीं नहीं जा रहा है। यह हमारा प्राथमिक भुगतान ऐप बना रहेगा। गूगल वॉलेट विशेष रूप से गैर-भुगतान उपयोग मामलों के लिए तैयार किया गया है।' उन्होंने कहा कि इस सेवा का मकसद ''एक ऐसा साफ्टवेयर बनाना है, जहां ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माता) और डेवलपर्स बेहतर उत्पाद बना सकें।'



इस नई सेवा के लिए गूगल ने एयर इंडिया, इंडिगो, फ्लिपकार्ट, पाइन लैब्स, कोच्चि मेट्रो, पीवीआर और आईनॉक्स जैसे 20 भारतीय ब्रांड के साथ साझेदारी की है। उसकी आने वाले महीनों में और अधिक गठजोड़ करने की योजना है। गूगल वॉलेट उपयोगकर्ताओं को फिल्म/समारोह टिकट, बोर्डिंग पास, मेट्रो टिकट रखने, कार्यालय/कॉर्पोरेट बैज रखने और भौतिक दस्तावेजों का डिजिटलीकरण करने का विकल्प देगा।

■ इस नई सेवा के लिए गूगल ने इंडिगो, फ्लिपकार्ट, पाइन लैब्स, कोच्चि मेट्रो और आईनाक्स जैसी कंपनियों के साथ किया है करार

उन्होंने कहा, 'गूगल वॉलेट, सुरक्षा और गोपनीयता के आधार पर बनाया गया है। गूगल खुलापन, विकल्प तथा सुरक्षा प्रदान करने के अपने वादे को लेकर प्रतिबद्ध है।' 'गूगल वॉलेट' की सेवाएं वर्तमान में करीब 80 देशों में मुहैया कराई जा रही हैं।

## भारत में बेहद अहम भूमिका निभा रहा आईटी क्षेत्र

सांता क्लारा (भाषा)।

क्लाउड सुरक्षा कंपनी ज़ेडस्केलर के सीईओ एंव संस्थापक जय चौधरी ने कहा कि भारत आईटी क्षेत्र में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और भारतीय वैश्विक समस्याओं का समाधान खोजने में दुनिया की मदद कर रहे हैं।

सैन जोस स्थित कंपनी के सीईओ ने कहा कि भारत की मौजूदा सरकार प्रौद्योगिकी अनुकूल परिवेश तैयार करने में बेहद अच्छी भूमिका निभा रही है। यहां पिछले हफ्ते आयोजित 'टीआईईकॉन' के मौके पर चौधरी ने से कहा, 'मुझे लगता है कि भारत सरकार, खासकर मोदी के नेतृत्व में पहले से ही बेहद अच्छी भूमिका निभा रही है।'

# यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में 27% की वृद्धि

■ दुपहिया की बिक्री 33% बढ़ी ■ तिपहिया की बिक्री 9% बढ़ी

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 22,06,070 इकाई हो गई। उद्योग निकाय फाडा ने बुधवार को यह जानकारी दी। अप्रैल 2023 में कुल वाहन पंजीकरण 17,40,649 इकाई रहा था।



यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले महीने 16 प्रतिशत बढ़कर 3,35,123 इकाई हो गई, जबकि 2023 में इसी महीने यह 2,89,056 इकाई थी। इसी तरह अप्रैल में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण 33 प्रतिशत बढकर 16,43,510 इकाई हो गया, जबकि अप्रैल 2023 में यह 12,33,763 इकाई था।

अप्रैल में वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर दो प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 90,707 इकाई पर पहुंच गई। अप्रैल में तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 80,105 इकाई हो गई, जबकि ट्रैक्टरों की बिक्री एक प्रतिशत बढ़कर 56,625 इकाई रही।

फेडरेशन आफ आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा कि कि यात्री वाहन श्रेणी में सालाना आधार पर दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की गई, जिसे माडलों की बेहतर उपलब्धता तथा अनुकूल बाजार भावनाओं (विशेष रूप से नवरात्रि और गुड़ी पड़वा जैसे त्योहारों के आसपास) से समर्थन मिला। फाडा के अनुसार, उसने देश के 1,503 आरटीओ में से 1,360 से वाहन खुदरा आंकड़े एकत्र किए हैं।

## निवेश सलाहकारों के लिए सेबी ने समयबद्ध रिपोर्टिंग का प्रारूप जारी किया

नई दिल्ली (भाषा)।

सेबी ने निवेश सलाहकारों (आईए) की गतिविधियों से संबंधित जानकारी देने के लिए समय-समय पर मानकीकृत रिपोर्टिंग का बुधवार को एक प्रारूप जारी किया जिसमें सलाहकारों को अपने सोशल मीडिया खातों के बारे में भी बताने को कहा गया है।

फिलहाल 'निवेश सलाहकार प्रशासन और पर्यवेक्षण निकाय' (आईएएसबी) तदर्थ आधार पर निवेश सलाहकारों से जानकारी मांगता है। इस निकाय को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेश सलाहकारों के प्रशासन और पर्यवेक्षण के लिए मान्यता दी हुई है। सेबी के नए प्रारूप के तहत निवेश सलाहकारों को अपने सोशल मीडिया हैंडल, सलाहकार शुल्क लेने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले बैंक खातों, एनआईएसएम प्रमाणन विवरण, सेबी या आईएएसबी द्वारा किए गए पिछले निरीक्षण के बारे में जानकारी, आधे साल में जारी किए गए विज्ञापनों का ब्योरा देना होगा।

सेबी ने कहा कि निवेश सलाहकारों को अपने खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायतों के प्रकाशन की भी जानकारी देनी होगी। निवेश सलाहकारों को प्रत्येक वित्त वर्ष में 30 सितंबर और 31 मार्च को समाप्त होने वाली छमाही के लिए समय-समय पर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया गया है।

# कर्मचारियों में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए सेबी ने कड़े किए नियम

नई दिल्ली (भाषा)।

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अपने कर्मचारियों की गड़बड़ी और भ्रष्ट गतिविधियों से निपटने के लिए नियम सख्त कर दिये हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इसके लिए अपने कर्मचारियों की सेवाओं को नियंत्रित करने वाले नियमों में संशोधन किया है। इसके तहत एक सक्षम प्राधिकार कानून के तहत सेबी को होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए सीधे तौर पर संबंधित कर्मचारी से राशि की वसूली कर सकता है। यह राशि कर्मचारियों के वेतन और उसे मिलने वाली अन्य रकम से ली जा सकती है।



सेबी के अनुसार, यह कदम तब उठाया जा सकता है जब किसी कर्मचारी ने कथित तौर पर अनुचित उद्देश्य के लिए या भ्रष्ट तरीके से काम किया हो या भ्रष्ट इरादे से अपनी शक्तियों का प्रयोग किया हो। बाजार नियामक ने छह मई की अपनी अधिसूचना में कहा कि नयी व्यवस्था उन कर्मचारियों पर भी लागू होगी जिन्होंने इस्तीफा दे दिया है या सेवानिवृत्त हो गए हैं अथवा प्रतिनियुक्ति का कार्यकाल पूरा कर लिया है। नए नियम लागू हो गए हैं।

संशोधित नियम के तहत किसी कर्मचारी के खिलाफ शुरू की गई किसी भी कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान संबंधित कर्मचारी को मिलने वाली ग्रेच्युटी को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से रोका जा सकता है।

कार्यवाही पूरी होने के बाद कर्मचारी को ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाएगा।

# वित्त आयोग ने कर हस्तांतरण फार्मूले पर जनता से मांगी राय

■ राज्यों की समेकित निधि बढ़ाने पर भी मांगे सुझाव

नई दिल्ली (भाषा)।

सोलहवें वित्त आयोग ने बुधवार को कर हस्तांतरण फार्मूला और राज्यों की समेकित निधि बढ़ाने के उपायों जैसे बिंदुओं पर आम जनता और संगठनों से विचार आमंत्रित किए।

अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में 16वें वित्त आयोग का गठन 31 दिसम्बर, 2023 को किया गया था। पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा, सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू और अर्थशास्त्री मनोज पांडा इसके पूर्णकालिक सदस्य हैं जबकि एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष अंशकालिक सदस्य है। आयोग 31 अक्टूबार, 2025 तक अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप देगा। इसकी अनुशंसाएं एक अप्रैल, 2026 से शुरू होकर अगले पांच साल के लिए लागू होंगी।




एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, '16वां वित्त आयोग आम जनता, इच्छुक संगठनों और व्यक्तियों से आयोग के लिए निर्दिष्ट संदर्भ की शर्तों के साथ अपनाए जा सकने वाले सामान्य दृष्टिकोण पर सुझाव एवं विचार आमंत्रित करता है। इसके अलावा 16वें वित्त आयोग के कामकाज से संबंधित किसी अन्य मुद्दे पर भी विचार आमंत्रित किए जाते है।' सुझाव 16वें वित्त आयोग की वेबसाइट फिनकॉम इंडिया . एनआईसी . इन के जरिये दिए जा सकते है।

केंद्र और राज्यों के बीच कर हस्तांतरण और राजस्व वृद्धि के उपायों का सुझाव देने के अलावा आयोग आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत गठित कोष से संबंधित आपदा प्रबंधन पहल के वित्तपोषण की मौजूदा व्यवस्था की समीक्षा भी करेगा। वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है जो केंद्र और राज्यों के बीच वित्तीय संबंधों पर अपनी सिफारिशें देता है। आयोग के सुझाव पांच साल की अवधि के लिए लागू होते है।

एनके सिंह के नेतृत्व वाले 15वें वित्त आयोग ने सिफारिश की थी कि 2021-22 से 2025-26 की अवधि में राज्यों को केंद्र के विभाज्य कर पूल का 41 प्रतिशत दिया जाए। इसके पहले वाई वी रेड्डी की अगुवाई वाले 14वें वित्त आयोग ने भी इसी अनुपात की सिफारिश की थी।

## पोलारिस को प.बंगाल में स्मार्ट मीटर लगाने का अनुबंध मिला

नई दिल्ली (भाषा)।

ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने वाली पोलारिस को पश्चिम बंगाल में 22 लाख स्मार्ट मीटर लगाने के लिए 2,246 करोड़ रुपये का अनुबंध मिला है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा, 'इस आर्डर के साथ पोलारिस के पास कुल 7,700 करोड़ रुपये के अनुबंध हो गइ हैं। ये अनुबंध उसे उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, बिहार और लद्दाख के लिए मिले हैं।'

प.बंगाल में 2,246 करोड़ रुपये के नए आर्डर के तहत राज्य में 22 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग अगले 10 साल तक इन महत्वपूर्ण संकुलों में उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर की आपूर्ति करेगी, उसे लगाएगी और रखरखाव करेगी।

# इस्पात की मांग में जारी रहेगी तेजी

नई दिल्ली (भाषा)।

इस्पात सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा ने बुधवार को कहा कि सरकार के बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने से अगले कुछ वर्षों में घरेलू इस्पात की मांग 10 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।



अधिकारी ने राष्ट्रीय राजधानी में 'भविष्य के लिए तैयार तथा हरित विनिर्माण पर सीआईआई सम्मेलन' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार के बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने से घरेलू इस्पात की मांग दोहरे अंक में बढ़ेगी। सिन्हा ने कहा, 'वित्त वर्ष 2023-24 में मांग में सालाना आधार 13-14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भविष्य में इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि जारी रहेगी।'

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में कच्चे इस्पात का उत्पादन करीब 14.5 करोड़ टन रहा जो वित्त वर्ष 2022-23 में 12.7 करोड़ टन था। वित्त वर्ष 2023-24 में खपत 13.6 करोड़ टन रही, जबकि 2022-23 में यह 12 करोड़ टन थी।

# गर्मियों में अयोध्या, लक्षद्वीप जाने को लेकर सर्वाधिक उत्सुकता

नई दिल्ली (भाषा)।

अयोध्या, लक्षद्वीप और नंदी हिल्स जैसे स्थलों पर इस साल की गर्मियों में घूमने-फिरने वाली जगहों के बीच खासा रुझान देखा जा रहा है जबकि आनलाइन सर्च में गोवा के बारे में सबसे अधिक दिलचस्पी दिखाई गई है। एक रिपोर्ट में ग्रीष्मकालीन यात्रा संबंधी यह रुझान जारी किए हैं।

यात्रा संबंधी आनलाइन सेवाएं देने वाले मंच मेकमाईट्रिप ने बुधवार को ग्रीष्मकालीन यात्रा रुझानों पर जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में मार्च-अप्रैल, 2024 के आंकड़ों के विश्लेषण से भारतीय सैलानियों की यात्रा संबंधी प्राथमिकताओं के संकेत मिले है।



इन रुझानों से पता चलता है कि इस गर्मी में पुरी और वाराणसी सबसे अधिक आनलाइन सर्च किए जाने वाले तीर्थ स्थल है, जबकि अयोध्या के बारे में जानकारी जुटाने की दर तेजी से बढ़ी है। मेकमाईट्रिप के आंकड़ों के मुताबिक, आनलाइन सर्च में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज करने वाले अंतरराष्ट्रीय गंतव्य स्थल बाकू, अल्माटी और नागोया है। यहां तक कि लक्ज़मबर्ग, लैंगकावी और अंताल्या को लेकर भी यात्रियों की दिलचस्पी बढ़ रही है।

इसके अलावा 2023 की गर्मियों की तुलना में इस साल पारिवारिक यात्रा खंड में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है जबकि इस अवधि में अकेले यात्रा करने वालों में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# वित्त वर्ष 2023-24 की जीडीपी वृद्धि दर आठ फीसद रहने की उम्मीद

■ मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन ने जताई है यह उम्मीद ■ दिसम्बर-23 में समाप्त तिमाही में 8.4 फीसद थी जीडीपी वृद्धि

नई दिल्ली (भाषा)।

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष की तीन तिमाहियों में दर्ज की गई मजबूत वृद्धि के आधार पर वित्त वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर आठ प्रतिशत तक पहुंचने की काफी संभावना है।

भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) दिसम्बर 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत बढ़ा। दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि 7.6 प्रतिशत रही जबकि पहली तिमाही में यह 7.8 प्रतिशत थी।

■ वित्त वर्ष 2023-24 की तीन तिमाहियों में दर्ज की गई है शानदार वृद्धि
■ दूसरी तिमाही में दर्ज की गई थी 7.6 फीसद वृद्धि
■ मुद्राकोष ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7.8 फीसद की वृद्धि दर का लगाया था अनुमान
■ रिजर्व बैंक की उम्मीद से ज्यादा है यह वृद्धि अनुमान




उन्होंने यहां एनसीएईआर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। यदि आप पहली तीन तिमाहियों में वृद्धि की गति को देखें, तो स्पष्ट रूप से वृद्धि दर आठ प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना काफी अधिक है।' यह 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 7.5 प्रतिशत वृद्धि के अनुमान से अधिक है।

उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का अनुमान 6.8 प्रतिशत है, लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सात प्रतिशत जीडीपी वृद्धि की उम्मीद है।

2024-25 से आगे की वृद्धि के बारे में उन्होंने कहा कि भारत की वृद्धि दर 6.5 से 7 प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है, क्योंकि पिछले दशक की तुलना में इस दशक में मुख्य अंतर वित्तीय तथा कारपोरेट क्षेत्र में गैर-वित्तीय क्षेत्र की बैलेंस शीट की मजबूती से है।

## सेंसेक्स 45 अंक टूटा

मुंबई (भाषा)। स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 45 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के साथ उतार-चढ़ाव के बीच बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 45.46 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,466.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 437.93 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 22,302.50 अंक पर स्थिर रहा। सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल, बजाज फाइनेंस, प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

## डोर्टमंड ने चैंपियंस लीग फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▸▸ पेरिस

मैट्स हुमेल्स के गोल से बोरुसिया डोर्टमंड ने मंगलवार को यहां सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पेरिस सेंट जर्मेन को 1-0 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मैच का एकमात्र गोल हुमेल्स ने 50वें मिनट में दागा। डोर्टमंड ने पहले चरण का मुकाबला भी 1-0 से जीता था और इस तरह 2-0 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबापे का सपना टूट गया जो पीएसजी के साथ अपने अंतिम सत्र में चैंपियंस लीग खिताब जीतने में नाकाम रहे।

## सुरक्षा के बीच मार्सेली पहुंची ओलंपिक की मशाल





**मार्सेली।** भारी सुरक्षा के बीच तीन जहाजों से ओलंपिक की मशाल यूनान से फ्रांस के दक्षिण स्थित शहर मार्सेली पहुंची जहां सूर्यास्त पर उसकी अगवानी की गई। पेरिस ओलंपिक के आयोजकों ने शहर में शानदार जश्न का वादा किया है जहां पुराने बंदरगाह को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। मशाल पिछले महीने यूनान में प्रज्वलित की गई थी जिसके बाद इसे फ्रांस को सौंपा गया। यह 1896 में पहली बार इस्तेमाल हुए बेलेम नामक जहाज से एथेंस से रवाना हुई और 12 दिन समुद्र की यात्रा की। जहाज के आसपास हजारों नावें थी। जहाज को एथलेटिक्स ट्रैक की तरह सजाए गए नाव के पुल पर रखा गया है। मशाल के स्वागत में फ्रांस की वायुसेना की टीम ने करतब दिखाईगी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
**542 रन**
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
**18 विकेट**
मुंबई

### बाउंड्री मीटर

**1773** चौके

**1015** छक्के

## आईपीएल : 12 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंची सनराइजर्स

# हैदराबाद ने लखनऊ को 10 विकेट से रौंदा, मुंबई प्लेऑफ की दौड़ से बाहर

▸▸ हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने 160 से अधिक के लक्ष्य का सबसे तेजी से पीछा करते हुए लखनऊ सुपर जाइंट्स को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बुधवार को दस विकेट से हरा दिया। जीत के लिए 166 रन का लक्ष्य सनराइजर्स ने 9.4 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए हासिल कर लिया। टेविस हेड 30 गेंद में 89 रन बनाकर नाबाद रहे जिसमें आठ चौके और आठ छक्के शामिल थे। वहीं अभषेक शर्मा ने 28 गेंद में नाबाद 75 रन बनाए। उन्होंने आठ चौके और छह छक्के जड़े। इस जीत से सनराइजर्स 12 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं लखनऊ 12 मैचों में 12 अंक लेकर छठे स्थान पर है। इसके साथ ही पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 12 मैचों में आठ अंक लेकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है।

■ 100+ रन के चेज में 62 गेंद शेष रहते जीतना सबसे बड़ी जीत

आयुष बडोनी और निकोलस पूरन के बीच पांचवें विकेट के लिए 99 रन की अटूट साझेदारी के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने चार विकेट पर 165 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की शुरुआत खराब रही और 11.2 ओवर में चार विकेट 66 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद बडोनी ने 30 गेंद में 55 और पूरन ने 25 गेंद में 48 रन बनाए। पावरप्ले के बाद लखनऊ का स्कोर दो विकेट पर 27 रन था ।



### पावरप्ले में हाइएस्ट स्कोर

| स्कोर | टीम | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 125/0 | हैदराबाद | दिल्ली | 2024 |
| 107/0 | हैदराबाद | लखनऊ | 2024 |
| 105/0 | कोलकाता | बेंगलोर | 2017 |
| 100/2 | चेन्नई | पंजाब | 2014 |
| 93/1 | पंजाब | कोलकाता | 2024 |

### हेड का अनोखा रिकॉर्ड

ट्रेविस हेड का यह आईपीएल करियर का पांचवां अर्धशतक रहा। उन्होंने इस सीजन तीन ऐसे अर्धशतक लगाए हैं, जो 20 से कम गेंदों पर आए हैं। इसी के साथ उन्होंने जेक फ्रेजर मैकगर्क के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने मैकगर्क के साथ आईपीएल में सबसे ज्यादा तीन-तीन बार 20 से कम गेंद पर अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड बना दिया है।

### पांच बार की चैंपियन बाहर

हैदराबाद की इस जीत का मतलब है कि हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 में प्लेऑफ के रेस से बाहर हो गई है। इस सीजन मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है। उसके 12 मैचों में आठ अंक हैं। टीम अधिकतम 12 अंक तक पहुंच सकती है। अंक तालिका में फिलहाल कोलकाता और राजस्थान के 16-16 अंक हैं। वहीं, हैदराबाद के 12 मैचों में 14 अंक, जबकि चेन्नई-दिल्ली और लखनऊ के 12-12 अंक हैं। चेन्नई ने 11, जबकि दिल्ली-लखनऊ ने 12-12 मैच खेले हैं। मुंबई का नेट रन रेट भी काफी कम है। 12 अंक प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं होंगे।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| राहुल का नटराजन बो कमिंस | 29 | 33 | 1 | 1 |
| डिकॉक का रेड्डी बो भुवनेश्वर | 02 | 05 | 0 | 0 |
| स्टोइनिस का सनवीर बो भुवनेश्वर | 03 | 05 | 0 | 0 |
| कृणाल पंड्या रन आउट | 24 | 21 | 0 | 2 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 48 | 26 | 6 | 1 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 55 | 30 | 9 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 165/4
गेंदबाजी : भुवनेश्वर4-0-12-2, कमिंस 4-0-47-1, अहमद 2-0-9-0, विजयकांत 4-0-27-0, उनादकट 2-0-19-0, नटराजन 4-0-50-0.

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 75 | 28 | 8 | 6 |
| ट्रेविस हेड नाबाद | 89 | 30 | 8 | 8 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 9.4 ओवर में 167 रन
गेंदबाजी : गौतम 2-0-29-0, ठाकुर 2.4-0-47-0, बिश्नोई 2-0-34-0, नवीनुल हक 2-0-37-0, बडोनी 1-0-19-0.

### शर्मनाक रिकार्ड

## 12 रन पर मंगोलियन टीम आउट, दूसरा न्यूनतम स्कोर



एजेंसी ▸▸ सानो

एशियाई खेलों के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदार्पण करने वाले मंगोलिया इसके सात महीने बाद जापान के खिलाफ बुधवार को यहां केवल 12 रन पर आउट हो गया जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा न्यूनतम स्कोर है।

जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 217 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मंगोलिया की टीम केवल 8.2 ओवर में आउट हो गई। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन के नाम पर है जिसकी टीम 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 10 रन पर आउट हो गई थी।



जापान की तरफ से 17 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज काजुमा कातो स्टैफ़ोर्ड ने 3.2 ओवर में 7 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि अब्दुल समद (चार रन देकर दो विकेट) और मकोतो तानियामा (कोई रन दिए बिना दो विकेट) ने दो-दो विकेट हासिल किए। मंगोलिया की तरफ से तूर सुमाया ने सर्वाधिक चार रन बनाए। जापान ने इस तरह से यह मैच 205 रन से जीता, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रनों के लिहाज से चौथी बड़ी जीत है। रिकॉर्ड नेपाल के नाम पर है जिसने एशियाई खेलों में मंगोलिया को 273 रन से हराया था।

### खबर संक्षेप



### मारडोना की गोल्डन बॉल ट्रॉफी होगी नीलाम

**पेरिस।** महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी फिर से सामने आ गई है। अगुटेस हाउस ने कहा कि दशकों से गायब इस पुरस्कार की अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की।

### 25 मई को हर साल मनाया जाएगा विश्व फुटबॉल दिवस

**संयुक्त राष्ट्र।** दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के पास अब हर साल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल का जश्न मनाने के लिए एक दिन होगा और वह होगा 25 मई। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंगलवार को 25 मई को विश्व फुटबॉल दिवस घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव के अनुसार यह दिन सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाले इतिहास के पहले अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक है जो 25 मई 1924 को पेरिस में ओलंपिक खेलों के दौरान आयोजित हुआ था।




### सैमसन पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर यहां अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से मिली 20 रन की हार के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमसन के अपराध की जानकारी नहीं दी गई है लेकिन यह दिल्ली के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 86 रन की पारी के दौरान अंपायरों के साथ बहस करने के लिए हो सकता है। जब शाई होप ने 16वें ओवर में बाउंड्री पर उनका कैच लपका और उन्हें आउट दिया गया तो उन्होंने अंपायरों के साथ बहस की।



## तीन साल में पहली बार घर में खेलेंगे नीरज चोपड़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है। इस तरह से यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा जबकि यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा।

इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, 'प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।'



चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज़ ने भी एजेंसी से पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे। चोपड़ा ने इससे पहले आखिरी बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था।

## आज 'जीत का चौका' मारने उतरेगी बेंगलोर

**धर्मशाला।** आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम गुरुवार को यहां जब पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी नजरें इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। सत्र की बेहद खराब शुरुआत के बाद आरसीबी की टीम ने लगातार तीन जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की है और शानदार लय में चल रही है। इन जीत से टीम का मनोबल तो बढ़ा ही है, साथ ही वह अंक तालिका में भी सातवें स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की मामूली उम्मीद जीवंत रहेगी। पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है।



## छत्तीसगढ़ की ईशा बनीं अंडर-18 चैंपियन, फाइनल में पहुंचे आरिज

▸▸ रायपुर

एपिसेम टेनिस आईटा सीएसटीए ऑल इंडिया चैंपियन सीरीज अंडर-18 टेनिस टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। ऑल इंडिया चैंपियनशिप सीरीज अंडर-18 टेनिस प्रतियोगिता में बुधवार को छत्तीसगढ़ की ईशा शर्मा चैंपियन बनीं।

प्रदेश के आरिज खान ने भी फाइनल में जगह बनाकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। महिला वर्ग की फाइनलिस्ट छत्तीसगढ़ की ईशा शर्मा और वेस्ट बंगाल की प्रतिष्ठा रे थी। इस प्रतियोगिता को ईशा ने 6-2, 6-4 के स्कोर से प्रतिष्ठा को हराया। ईशा ने एपीसेम टेनिस अकैडमी में हो रहे लगातार अंडर-16 एवं अंडर-18 प्रतियोगिता में जीत हासिल कर छत्तीसगढ़ का नाम ऊंचा किया। दोनों प्रतियोगिता में ईशा का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ के आरिज़ ख़ान एवं उनके जोड़ीदार अर्णव चौधरी ने लगातार शानदार प्रदर्शन कर प्रतियोगिता के फ़ाइनल में जगह बनाई। उन्होंने लक्ष्य विमल एवं जोड़ीदार धैर्य विमल को 6-4, 6-4 से शिकस्त दी। एकल में मोहम्मद आरिज खान को हैदराबाद के ध्रुवा हेगड़े से हार का सामना करना पड़ा। उनका स्कोर 6-3, 7-5 रहा।



### होरा ने दी बधाई

प्रदेश टेनिस संघ के महासचिव एवं टूर्नामेंट डायरेक्टर गुरु चरण सिंह होरा ने पूरे देश से आए खिलाड़ियों को बधाई दी एवं खिलाड़ियों को उनके करियर में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा दी। टेनिस संघ के सह सचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने प्रदेश के खिलाड़ियों को बधाई दी, उन्हें निरंतर कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी एवं उन्हें प्रदेश में निरंतर प्रतियोगिता कराने का आश्वासन दिया।

## प्रतिभाशाली सहरावत और अनुभवी दीपक देंगे चुनौती

# ओलंपिक क्वालीफाइंग टूनर्मिंट में कोटा की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ इस्तांबुल

प्रतिभाशाली अमन सहरावत और अनुभवी दीपक पूनिया गुरुवार से यहां शुरू होने वाले अंतिम विश्व कुश्ती क्वालीफायर्स में पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुषों के फ्री स्टाइल वर्ग में कोटा हासिल करने का प्रयास करेंगे। पहलवानों के पास पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का यह अंतिम मौका होगा। विश्व अंडर 23 चैंपियन अमन से विश्व चैंपियनशिप या बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद थी लेकिन वह इन दोनों अवसरों पर नाकाम रहे ।

अमन (57 किग्रा) को बिश्केक में जहां गुलोमजोन अब्दुल्लाव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा वहीं विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक (86 किग्रा) और सुजीत कलकल (65 किग्रा) दोनों दुबई में फंसने के कारण समय पर बिश्केक नहीं पहुंच पाए थे। इस्तांबुल में अब भारतीय पहलवानों के लिए करो या मरो जैसी स्थिति बन गई है। यहां प्रत्येक वर्ग में फाइनल में पहुंचने वाले दोनों खिलाड़ियों को कोटा मिलेगा। तीसरा कोटा कांस्य पदक के लिए होने वाले मुकाबले में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ी को मिलेगा। इस चार दिवसीय टूर्नामेंट की शुरुआत ग्रीको रोमन शैली से होगी। इसके बाद महिला और फ्री स्टाइल प्रतियोगिताएं होंगी।



### किसी भी पुरुष पहलवान ने अभी तक नहीं जीता कोटा

भारत के किसी भी पुरुष पहलवान ने अभी तक पेरिस ओलंपिक में जगह नहीं बनाई है और अगर वह यहां भी कोटा हासिल करने में असफल रहते हैं तो यह भारतीय कुश्ती के लिए करारा झटका होगा जो पिछले कुछ समय से भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के कारण चर्चा में रही है। विरोध प्रदर्शन के कारण भारतीय पहलवान राष्ट्रीय शिविर और प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले पाए जिससे उनकी तैयारियां प्रभावित हुई। भारत को हालांकि अमन और दीपक से काफी उम्मीदें हैं।



# नौकरानी के साथ अपने इंटीमेट सीन पर सोनाक्षी ने तोड़ी चुप्पी

सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस सीरीज में सोनाक्षी फरीदन का किरदार निभाती नजर आ रही हैं। हीरामंडी सीरीज के एक सीन में समलैंगिक फोरप्ले दृश्य दिखाया गया है, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर भी विवाद खड़ा हो गया है। अब सोनाक्षी ने इसे लेकर चुप्पी तोड़ी है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।

सीरीज के एक सीन में फरीदन को अपनी एक नौकरानी के साथ इंटीमेट सीन दिखाया गया था, जिसका अर्थ उनके बीच यौन संबंध था। हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि सीन में ऐसा कुछ भी नहीं दिखाया गया है, जिसे लेकर विवाद खड़ा किया जाए। हालांकि, अब अभिनेत्री सोनाक्षी का कहना है कि उन्हें इस सीन में कुछ भी खराबी नहीं दिखी है। इस सीन के पीछे की वजह का खुलासा करते हुए सोनाक्षी ने कहा, जब वह नौ साल की लड़की थी तो उसे बेच दिया गया था। शायद इसीलिए वह पुरुषों से बिल्कुल नफरत करती है। ऐसा हो सकता है, उन्होंने इसे बहुत खुला छोड़ दिया हो, जो लोग ट्रोल कर रहे हैं, उन्होंने उस एक दृश्य के अलावा इसे आगे नहीं देखा, जहां वह चौधरी साहब से मिलती है और अपनी नौकरानी के साथ होती है। सोनाक्षी ने आगे कहा, यह एक बहुत ही विशाल दुनिया है और भंसाली सर ने इसके विभिन्न पहलुओं को छोटे-छोटे तरीकों से इस्तेमाल किया है। आगे हीरामंडी को मिल रहे फीडबैक पर सोनाक्षी ने कहा, मैंने वर्षों बाद ऐसी स्क्रीनिंग देखी। वह मेरे पूरे करियर में सबसे बड़े प्रीमियरों में से एक था। मैं उस दिन बहुत सारे लोगों से मिली, लेकिन रेखा मैम हीरामंडी से बहुत प्रभावित थीं। मुझे अच्छा लग रहा है कि भले ही काफी दिनों के बाद, लेकिन मुझे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है।



# मेट गाला में इन इंडियंस ने बिखेरा फैशन का जलवा











हर साल की तरह इस बार भी फैशन इवेंट मेट गाला को लेकर सुर्खियां काफी गर्म हैं। 2024 के मेट गाला में एक बार फिर से इंडियन सेलेब्स ने अपने-अपने स्टाइलिश लुक से हर किसी का ध्यान खींच लिया है। आलिया भट्ट लेकर देश के मशहूर बिजनेसमैन मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी सहित तमाम भारतीय हस्तियों ने फैशन के इस बाजार में अपना जलवा बिखेरा है।

ऐसे में आइए जानते हैं उन भारतीय सेलेब्स के बारे में जानते हैं, जिन्होंने मेट गाला के रेड कार्पेट पर अपने लुक्स से महफिल लूट ली है।

**नताशा पूनावाला**

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ आदार पूनावाला की पत्नी नाताशा पूनावाला ने एक बार फिर से मेट गाला में अपने लुक्स से हर किसी को इंप्रेस किया है।

**सुधा रेड्डी**

बिजनेस वुमेन और समाजसेवी सुधा रेड्डी भी इस बार मेट गाला लुक को लेकर चर्चा में रहीं। फैशन डिजाइनर तरुण गेहलानी के ऑफ शोल्डर ऑफ व्हाइट गाउन में सुधा किसी अप्सरा से कम नहीं लगीं।

**मिंडी कलिंग**

भारतीय मूल की अमेरिकी एक्ट्रेस मिंडी कलिंग का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। डिजाइनर गौरव गुप्ता के स्ट्रैक्टर गाउन में वह मेटा गाला 2024 के दौरान बला की खूबसूरत दिखाई दी हैं।

**मोना पटेल**

इंडियन उद्यमी मोना पटेल इस बार के मेट गाला फैशन इवेंट के जरिए पहली बार इस मंच पर हिस्सा लिया है। फैशन डिजाइनर इरिस वान हार्पन द्वारा डिजाइन की बटरफ्लाई और फ्लटर स्टाइलिश ड्रेस को पहन मोना हर किसी को आकर्षित किया है।

**आलिया भट्ट**

फैशन डिजाइनर सब्यसाची की मिंट ग्रीन फ्लोरल साड़ी को पहन कर आलिया भट्ट ने इस बार के मेटा गाला में देसी बाइब्स मेच कराई हैं। अपने बेहतरीन लुक को लेकर आलिया काफी छाई हुई हैं।

**ईशा अंबानी**

आलिया भट्ट की सहेली ईशा अंबानी ने भी मेट गाला फैशन इवेंट में इस बार साड़ी पहन कर जलवा बिखेरा। उनकी इस स्टाइलिश साड़ी को तैयार होने में करीब 10 हजार घंटों का समय लगा।

**सब्यसाची मुखर्जी**

भारत के फेमस फैशन डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी ने इस बार मेट गाला में इतिहास रचा है। दरअसल वह पहले ऐसा इंडियन फैशन डिजानइर बने हैं, जिन्होंने मेट गाला रेड कार्पेट पर वॉक किया है।



# 'सरफरोश' की खास स्क्रीनिंग 10 मई को

**मुंबई।** 30 अप्रैल 1999 को रिलीज हुई फिल्म 'सरफरोश' की कहानी घर में छुपे हुए गद्दारों की कहानी है और इसमें नसीरुद्दीन शाह ने एक गजल गायक के रूप में आतंक का राग अलापने वाले पाकिस्तानी का किरदार किया था। आमिर अपनी इस खास फिल्मी का रजत जयंती वर्ष धूमधाम से मनाने की जुगत में पिछले कई दिनों से लगे रहे हैं। अब इस फिल्म के सारे सितारे शुक्रवार 10 मई को मुंबई में जुहू स्थित पीवीआर में जुटेंगे और इस फिल्म की शूटिंग के दौरान बिताए गए दिनों की यादें फिर से ताजा करेंगे। फिल्म में अभिनेता मुकेश ऋषि ने एक बहुत ही शानदार सकारात्मक किरदार निभाया था।

लाइफ Style

# हुमा 'जॉली एलएलबी-3' में की एंट्री


'जॉली एलएलबी 3' में हुमा कुरैशी ही पुष्पा पांडे बनकर वापस लौट रही हैं। अक्षय कुमार के बाद अब हुमा कुरैशी भी 'जॉली एलएलबी 3' में अपनी भूमिका को दोहराने जा रही हैं। हुमा कुरैशी ने खुद इस फिल्म में अपनी एंट्री कन्फर्म कर दी है। हुमा कुरैशी ने फिल्म के सेट से अपनी तीन फोटोज शेयर की हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और मेकर्स का कहना है कि अगले साल तक यह सिनेमाघरों में रिलीज हो जाएगी। फिल्म में एक्ट्रेस के रोल को लेकर संदेह लगातार बरकार था। मेकर्स ने अब तक इस बात की पुष्टि नहीं की थी कि आखिर फिल्म में एक्ट्रेस कौन होगी। अब इसपर भी अपडेट सामने आ गया है। 'जॉली एलएलबी 3' में हुमा कुरैशी ही पुष्पा पांडे बनकर वापस लौट रही हैं। अक्षय कुमार के बाद अब हुमा कुरैशी भी 'जॉली एलएलबी 3' में अपनी भूमिका को दोहराने जा रही हैं। हुमा कुरैशी ने खुद इस फिल्म में अपनी एंट्री कन्फर्म कर दी है। हुमा कुरैशी ने फिल्म के सेट से अपनी तीन फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में वह पिंक और व्हाइट कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। फोटोज शेयर करते हुए हुमा ने लिखा, 'पुष्पा पांडे वापस आ गई है और वह गुलाबी रंग में बहुत प्यारी लग रही है, जिसे अक्षय कुमार ने क्लिक किया है, जरूरी है जब आप खुश होते हैं।' जॉली एलएलबी 2 में हुमा कुरैशी ने अक्षय कुमार की पत्नी का किरदार निभाया था। अरशद वारसी और अक्षय कुमार के अलावा इस फिल्म में जज सुंदरलाल त्रिपाठी का किरदार निभा रहे सौरभ शुक्ला भी नजर आने वाले हैं।



हॉलीवुड मसाला



# सूट पहनकर छाए कोरेनस्वेट

लॉस एंजिलिस। निर्देशक जेम्स गन ने सोशल मीडिया पर नया मैन ऑफ स्टील सूट साझा कर सुपरमैन के प्रशंसकों को बड़ी सौगात दी है। सुपरमैन के सूट को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह पिछली फिल्म से काफी अलग होगा। अपने नए लुक को डेविड कोरेनस्वेट ने भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। तस्वीर में सुपरमैन एक कुर्सी पर बैठकर अपने जूते पहनता नजर आ रहा है। वहीं, कांच की खिड़की के बाहर एक चमकता हुआ गोला दिख रहा है।



# अब नहीं बनेगी 'वंडर वूमन' की तीसरी कड़ी

लॉस एंजिलिस। 'वंडर वुमन' के चाहने वालों को यह खबर निराश कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पैटी जेनकिंस की फिल्म 'वंडर वुमन' की फ्रेंचाइजी को समाप्त किया जा रहा है। फिल्म 'वंडर वुमन' फ्रेंचाइजी के करोड़ों दर्शक दीवाने हैं। पहली बार यह फिल्म 1984 में दर्शकों के सामने आई थी और तब से लेकर अबतक इस फ्रेंचाइजी की सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में कामयाब रही हैं। अभिनेता क्रिस पाइन ने इस खबर पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा, 'मैं सच में हैरान हूं कि आखिर ऐसा क्यों किया गया है। आखिर पैटी जेनकिंस की 'वंडर वुमन' की फ्रेंचाइजी को कैसे खत्म किया जा सकता है'।



# अमिताभ को कहा था 8वां अजूबा...

**नई दिल्ली।** परवीन बाबी और अमिताभ बच्चन ने एक साथ काफी फिल्मों में काम किया है। दोनों की जोड़ी फिल्मी पर्दे पर सुपरहिट थी। हालांकि असल जिंदगी में उनकी दोस्ती कुछ खास नहीं थी। एक इंटरव्यू में तो दिग्गज अभिनेत्री ने बॉलीवुड के महानायक को 'इंडिया के 10 मोस्ट हैंडसम मैन' में नॉमिनेशन मिलने पर दुनिया का 8वां अजूबा तक कह दिया था। परवीन बाबी 70-80 के दशक की वो अभिनेत्री थीं, जिन्होंने अपने अभिनय के साथ-साथ अपनी खूबसूरती से भी दर्शकों का मन मोह लिया। एक्टिंग के अलावा उनका ग्लैमरस अंदाज भी काफी चर्चा में रहता था। साल 1973 में फिल्म 'चरित्र' से हिंदी सिनेमा में कदम रखने वाली परवीन बाबी ने दीवार, काला सोना, रंगीला रतन और अमर अकबर एंथोनी जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया।



# 'स्वयंभू' पर पानी की तरह बहा रहे पैसा

**मुंबई।** फिल्म 'स्वयंभू' की टीम मौजूदा समय में एक प्रमुख एक्शन सीक्वेंस का फिल्मांकन कर रही है, जिसमें प्रमुख कलाकार शामिल हैं। इन दृश्यों में निखिल कुछ हैरतअंगेज स्टंट करते भी नजर आएंगे। जिसे वियतनामी लड़ाकों समेत 700 कलाकारों के साथ 12 दिनों तक शूट किया जाएगा। इस सीक्वेंस की शूटिंग में निर्माता पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं। इसे शूट करने में मेकर्स के आठ करोड़ रुपए खर्च होंगे। इन एक्शन दृश्यों में आने वाली लागत की वजह से यह फिल्म चर्चा के केंद्र में आ गई है। इस पीरियड एक्शन-एडवेंचर ड्रामा में संयुक्ता और नाभा नटेश महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण भुवन और श्रीकर कर रहे हैं। वहीं, इसे टैगोर मधु द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। फिल्म के छायांकन की कमान मनोज परमहंस के हाथों में है।

# महाराणा प्रताप हिन्दू धर्म एवं संस्कृति के रक्षक और स्वतंत्रता प्रेमी के रूप में है विश्वविख्यात : कृपाशंकर सिंह



प्रखर जौनपुर। राजपूत सेवा समिति जौनपुर द्वारा नगर के कालीचाबाद में स्थापित महाराणा प्रताप प्रतिमा पार्क में महाराणा प्रताप की जयन्ती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर एक विचार गोष्ठी आयोजित कि गई। जयंती कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने महाराणा प्रताप के प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर महाराणा प्रताप के गौरवशाली इतिहास को याद किया। जयंती समारोह में बोलते हुए महाराष्ट्र सरकार के पूर्व गृहराज्य मंत्री और भाजपा प्रत्याशी जौनपुर कृपाशंकर सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप हिन्दू धर्म एवं संस्कृति के रक्षक और स्वतंत्रता प्रेमी के रूप में विश्वविख्यात है। कई देशों के लोगो महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेकर स्वतंत्रता आन्दोलन चलाये है। आगे उन्होंने महाराणा प्रताप के ऐतिहासिक प्रसंगों की व्याख्या करते हुये वीरोत्तेजक कविताएं सुनाई। उन्होंने महाराणा प्रताप के उज्जवल इतिहास को सामने लाने की आवश्यकता जताते हुये महाराणा प्रताप के जीवनवृत्त व उनके समाज और राष्ट्र को दिये योगदान को याद किया। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि महाराणा प्रताप नाम है वीरता और वचन की एक अद्भूत मिसाल का। महाराणा प्रताप का चरित्र दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने अपने जीवन में कठिन संघर्ष करके भारतवासियों को मुगलों के जुल्मों से मुक्ति दिलवाने का काम किया। ऐसे महापुरूषों के त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरूषों के जीवन व शिक्षाओं पर चलते हुए हमें देश की मजबूती के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग विदेशी वस्तुओं को छोड़कर स्वदेशी अपनाएं तथा राष्ट्र के स्वाभिमान के लिए जी जान से काम करें। महाराणा प्रताप ने जो कुबार्नी दी उसकी इतिहास में कहीं मिसाल नही मिलती। अब समय आ गया है कि देश में ऐसे संस्कार का वातावरण तैयार किया जाए, जिससे युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिले। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए आन, बान व शान कायम रखते हुए महाराणा प्रताप ने मुगलों की दासता स्वीकार करने की बजाए वनों में रहना ज्यादा श्रेयस्कर समझा तथा वतन की रक्षा के लिए जीवन के अंतिम सांस तक संघर्षरत रहे।

वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि महान राजपूत नरेश महाराणा प्रताप अपने पराक्रम और शौर्य के लिए समूची दुनिया में मिशाल के तौर पर जाने जाते हैं। एक ऐसा राजपूत सम्राट जिसने जंगलों में रहना पसंद किया, लेकिन कभी भी मुगलों की दासता स्वीकार नहीं की। भाजपा प्रवक्ता और राजपूत सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप कि जीवनी से हमे सीख लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। महाराणा प्रताप ने अपने जीवन में कठिन संघर्ष करके देश वासियों को मुगलों के जुल्मों से मुक्ति दिलवाने का काम किया। ऐसे महापुरूषों के त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। यदि महाराणा प्रताप न होते तो हिंदुस्तान भी न होता। उन्होने कभी भी मुगलों के सामने घुटने नही टे-के, बल्कि अकबर की सेना उनके सामने युद्ध करने से घबराती थी। उन्होंने उनके बताए मार्गदर्शन पर चलने तथा देश व समाज के सर्वांगीण विकास के लिए एकजुटता के साथ कार्य करने का कार्यकताओं को संकल्प दिलाया। इस मौके पर राजपूत सेवा समिति के सदस्य ओमप्रकाश सिंह, रत्नाकर सिंह, शशि मोहन सिंह क्षेम, रविन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह सफायर, अजीत सिंह, कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह, शशी प्रकाश सिंह, सर्वेश सिंह पूर्व जिला सी पंचायत सदस्य, राहुल सिंह राजपूत, सिद्धार्थ सिंह, सिर्द्वात सिंह, डा संजय सिंह, डा एन के सिंह, विरेन्द्र सिंह, राजकुमार सिंह, सौरभ सिंह, विवेक सिंह राजा,विनय सिंह समेत आदि लोग रहे।

## नोनहरा पुलिस ने किया गैर इरादतन हत्या में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष नोनहरा महोदय के कुशल मार्गदर्शन में थाना नोनहरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 51/24 धारा 304 भा0द0वि0 में वांछित अभियुक्त अभिषेक कुमार पाण्डेय उर्फ सन्नी पाण्डेय पुत्र रमाकांत पाण्डेय निवासी ग्राम नूरपुर मुबारकपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर को बुधवार सायं 4.30बजे मुखबिर खास की सूचना पर बड़ौरा चट्टी से थानाध्यक्ष नोनहरा कमलेश कुमार , उप निरीक्षक तरूण कुमार पाण्डेय मय हमराह हेड कांस्टेबल पवन कुमार बिन्द, कांस्टेबल अजय गुप्ता, कांस्टेबल आलोक तिवारी , कांस्टेबल उदयनारायण, महिला कांस्टेबल अनन्या द्विवेदी द्वारा गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## 2 अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने किया पास्को व एससी एसटी एक्ट से सम्बन्धित वारण्टीयो को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष दुल्लहपुर मय हमराह द्वारा बुधवार को रात्रि मे वांछित,पुरस्कार घोषित अभियुक्तो व गैर जमानती वारण्टीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान मे थाना दुल्लहपुर पुलिस द्वारा आयोजित मु0अ0सं0 11/12 धारा 354,504,506 भादवि व 3(1) SC/ST सम्बन्धित वारंटी इन्द्रजीत पुत्र लक्षीराम चौहान नि0रामपुरपतारी थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर व एसटी न0 223/19 मु0अ0सं0 115/19 धारा 366 भादवि व 7/8 पास्को एक्ट से सम्बन्धित वारंटी कुश राजभर पुत्र प्रेमा राजभर निवासी बहलोलपुर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक महेश चन्द्र राव मय टीम थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर। शामिल रहे।प्रेस नोट जनपद गाजीपुर इसी प्रकार बहरियावाद थाना क्षेत्र में गुरुवार को समय करीब 00.15 बजे रात्रि में थानाध्यक्ष बहरियाबाद भूपेन्द्र कुमार निषाद मय हमराहियान पुलिस बल के साथ माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट गाजीपुर द्वारा निर्गत वारण्ट सम्बन्धित वाद सं0 48/18 धारा 354(ख)/323/504/ 506 IPC व 7/8 पाक्सो एक्ट व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर में वारण्टी मुलायम यादव पुत्र रमेश यादव निवासी ग्राम बनकटा थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर को उसके घर से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीममें थानाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार निषाद मय टीम थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## 4 थाना क्षेत्रों से अलग-अलग मुकदमों से सम्बन्धित 6 वारंटी गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी जमानियां के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक गहमर के कुशल मार्गदर्शन व दिशा निर्देशन में अपराध एवम् अपराधियो की गतिविधियों तथा अपराध पर अंकुश लगाने के क्रम में उप निरीक्षक कृष्ण कुमार उपाध्याय चौकी प्रभारी बारा थाना गहमर गाजीपुर मय हमराह व उप निरीक्षक शिवपूजन बिन्द चौकी प्रभारी देवल मय हमराह थाना गहमर गाजीपुर व उप निरीक्षक रमेश कुमार पटेल चौकी प्रभारी कामाख्या मय हमराह थाना गहमर जनपद गाजीपुर के देखभाल क्षेत्र से वारण्टीगण के घरों पर दबिश देकर क्रमशः वारण्टी कामरान खां पुत्र रसीद खां निवासी बारा थाना गहमर गाजीपुर, अक्षय कुमार पुत्र नन्दू चौधरी निवासी बरेजी थाना गहमर गाजीपुर तथा भोलू राजभर पुत्र रमेश राजभर निवासी करहिया थाना गहमर जनपद गाजीपुर को घर से गिरफ्तार किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही किया जा रहा है । जबकि दिलदारनगर पुलिस द्वारा उप निरीक्षक सुनील कुमार यादव मय फोर्स द्वारा वारन्टी जय प्रकाश उर्फ प्रकाश यादव पुत्र गोरख यादव निवासी भक्सी थाना दिलदारनगर गाजीपुर को घर से समय 04.30 बजे नियमानुसार गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। प्रकार बरेसर पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय गाजीपुर द्वारा निर्गत गैरजमानती वारण्ट के अनुपालन में वारण्टी जगलाल पुत्र देवसरन निवासी ग्राम सेमउर थाना बरेसर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया । उल्लेखनीय यह है कि मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत गैरजमानती वारण्ट पर बरेसर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए एक वारण्टी की गिरफ्तारी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक शंकर थाना बरेसर, कांस्टेबल अरुण यादव थाना बरेसर, कांस्टेबल शिवम पाण्डेय थाना बरेसर जनपद गाजीपुर शामिल रहे। थाना मरदह पुलिस द्वारा एसएसटी नं0 23/2018 अ0सं0 599/17 धारा 354 भा0द0वि0 व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वारन्टी रमेश राम पुत्र शिवचन्द राम निवासी कस्तुआ थाना मरदह जनपद गाजीपुर को उसके घर से गिरफ्तार किया।

## मुगलसराय में जहरीली गैस से चार की मौत के बाद सीएम ने जताया दु:ख



प्रखर चंदौली। जिले के मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के लाठ नंबर दो स्थित एक मकान में बुधवार रात सेप्टिक टैंक सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आकर तीन सफाईकर्मी टैंक में गिर गए। इस दौरान मजदूरों को बचाने के चक्कर में भवन स्वामी का पुत्र भी टैंक में गिर गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने चारों को बाहर निकाला। इसके बाद तीन को जिला चिकित्सालय और एक को ट्रामा सेंटर ले गए। जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई। उधर, घटना को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के लाठ नंबर दो निवासी भरतलाल जायसवाल के घर पर बुधवार की रात लगभग 12 बजे कालीमहाल निवासी सफाईकर्मी विनोद रावत (35) वर्ष, कुंदन (42) और लोहा (23) सेप्टिक टैंक सफाई का कार्य कर रहे थे। लोगों के अनुसार टैंक लगभग 12 फुट गहरा था। तीनों सफाईकर्मी आधा टैंक साफ कर चुके थे। इस दौरान तीनों मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आ गए। एक- एक करके तीनों मजदूर टैंक में गिर गए। सफाईकर्मियों को टैंक में गिरता देख भवन स्वामी का पुत्र अंकुर जायसवाल (23) उन्हें बचाने में जुट गया। इस दौरान अंकुर भी टैंक में गिर गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह चारों को टैंक से बाहर निकाला। इसके बाद एक को ट्रामा सेंटर और तीन लोगों को जिला चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई। घटना को लेकर कालीमहाल सभासद प्रतिनिधि नितिन गुप्ता ने सफाईकर्मियों को मुआवजा दिए जाने की मांग जिला प्रशासन से की है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएम ने अधिकारियों को जल्द से जल्द मौके पर पहुंचने और राहत उपायों में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

## वोटर प्रीमियम लीग में समस्त ब्लाकों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में हुआ मतदाता जागरूकता मैच




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वोटर प्रीमियर लीग गाजीपुर में आज समस्त ब्लॉकों के चिन्हित क्रीड़ा स्थलों पर लीग के चौथे दिन विभिन्न ग्राम पंचायत के मध्य मतदाता जागरूकता मैच कराया गया। जिसमें विभिन्न अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल रहे। मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने विकास खंड के भदौरा के ऊसीया खेल मैदान स्थल खिलाडियों को धन्यवाद दिया एवं क्रिकेट मैच खेल को प्रारम्भ किया। मौके पर जिला विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी भदौरा भी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के दौरान ग्रामीणों द्वारा बड़े ही उत्साह से मतदाता जागरूकता मैच का आनंद लिया गया एवं सेल्फी प्वान्ट के माध्यम से लोगो में जागरूक भी किया तथा इसके दौरान मतदाता जागरूकता संबंधित शपथ उपस्थित ग्रामवासियों एवं खेल मैदान में खिलाडियों को भी दिलाया गया। मैच के आयोजन में समस्त विकास खंड के अधिकारी एवं कर्मचारियों महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। मैदान स्थल पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा क्रिकेट मैच खेलकर लोगो में मतदाता जागरूकता हेतु मिसाल दी और उन्होने जनपदवासियों से अपील किया कि 01 जून को अपने घर से निकलकर अपने अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करेगे। यह क्रिकेट मैच 04 मई 24 से शुरू होकर 10 मई 24 तक समस्त विकास खण्डो में नॉक आउट राउंड चलेगा, जीते हुए खिलाड़ियों को पुरस्कार कर सम्मानित भी किया जायेगा।

## शत-प्रतिशत मतदान हेतु मातृशक्ति महासम्मेलन में प्रांत प्रचारक ने किया प्रेरित





प्रखर वाराणसी। लोकतंत्र के महापर्व पर मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम मे श्री सरयू प्रसाद इण्टरमीडिएट कालेज, कठिराव वाराणसी में मातृशक्ति महा सम्मेलन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रान्त के प्रान्त प्रचारक रमेश जी द्वारा राष्ट्र हित मे विवेक पूर्वक सत प्रतिशत मतदान करने कराने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। लोकसभा मछली शहर स्थित विधान सभा पिण्डरा के खण्ड बड़ागाव एंव पिण्डरा के चौवीस न्यायपंचायत से स्वास्थ्य, शिक्षा, आजिविका, स्वयं सहायता समुह, सामाजिक धार्मिक समाज निर्माण सम्र्बंधित कार्य से जुड़ी महिला कार्यकर्ताओ के एक महासम्मेलन में सत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य वक्ता प्रान्त प्रचारक रमेश ने कहा कि हम सब अपने आस पास,पड़ोसियो, रिस्तेदारो और ग्रामवासियो को मतदान हेतु प्रेरित करें जिससे ग्राम मुहल्ले मे कोई अपने मतदान से वंचित न रहे साथ ही घर-घर पता कर मतदान मे सहयोग प्रदान करे यह एक राष्ट्रीय कार्य है । संप्रभुता की शक्ती का विवेक पूर्वक प्रयोग राष्ट्र, समाज, संस्कृति परम्परा की रक्षा, जान माल जिसके हाथो मे सुरक्षित हो, जो देश का गौरव सम्मान बढ़ाए, संकट काल मे जनहित मे त्वरित निर्णय लेने वाले को जाति धर्म और निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर कर्म पर मतदान करें और लोगो को भी प्रेरित करे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से माननीय खण्ड संघ चालक प्रेम जी, विभाग प्रचारक नितिन ,विभाग सम्पर्क प्रमुख सुरेन्द्र प्राकृतिक किसान हरिशंकर सिंह, पर्यावरणविद् आनन्द प्रकाश सिंह, ग्राम प्रधान राजु पटेल खण्ड कार्यवाह रवि,रतनेश, किसान संघ निखिलेश रिशु मण्डल कार्यवाह अजय, विपुल प्रभारी अशोक पटेल बौद्धिक प्रमुख अनिल, सखी सोनी, सीता, मोनिका, मंजू उषा, सुशीला, इन्दु, पुजा, शिक्षक से प्रतिमा, जयंती, हीरामणि, गूंजा, मनरेगा कर्मी सरिता,पुजा ने अपने विचार व्यक्त किए सभी मातृ शक्ति को मतदान हेतु प्रेरित किया गया।

## 95 बटालियन एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जन जागरूकता रैली, स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न



प्रखर वाराणसी। मतदाता जागरूकता के साथ साथ सफाई ,और पौधे की महत्ता और पौधे की रोपण पर जागरूकता का एक अभियान चला कर एक जागरूकता का कार्यक्रम करौंदी वार्ड न 39 के महामना पार्क में किया गया । मतदाता जागरूकता के ब्रांड एंबेसडर और सृजन संस्था के संस्थापक अनिल सिंह ने 95 बटू सीआरपीएफ व स्कूली बच्चों ,पार्षद और क्षेत्रीय लोगों को महामनापार्क में मतदान की महत्ता और सत प्रतिशत मतदान के लिए सपथ दिलाया गया। इसी कड़ी में क्षेत्रीय पार्षद श्याम भूषण शर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया की गर्मी की वजह से मतदान में कुछ कमी आई है मगर हम लोग आज महानमा पार्क में लोगों को जागरूक करने के साथ साथ पौधे और जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किए हैं एवम सबसे प्रतिज्ञा भी दिलाई गई है जिससे मतदान सत प्रतिशत हो और एक अच्छी छवि और देश के मान को बढ़ाने वाले नेता का चुनाव हो सके। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से 95 बटालियन सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट हनुमान सिंह , निरीक्षक मुस्ताक अहमद के साथ सीआरपीएफ के पी आर ओ प्रवीण सिंह एवं.उनकी पूरी टीम ने भागीदारी निभाई एवं उनके अन्य साथियों ने भी अपनी सहभागिता दी, सम्मानित क्षेत्रीय लोगों में विकास दुबे, बब्बू सिंग, सुरेंद्र प्रजापति, आशा जी, आदि लोगों ने भी अपनी सहभागिता देते हुए अपने आस पास के लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे ।

## संक्षिप्त खबरें

### राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य को विद्यार्थी परिषद ने सौंपा 7 सूत्री मांग पत्र

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गाजीपुर के कार्यकताओं ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गाजीपुर के हॉस्टल एवं कॉलेज समस्याओं को लेकर 7 सूत्री मांग का ज्ञापन दिया। जिला संयोजक शिवांशु शुक्ला ने बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के हॉस्टल में बिजली के तार खुले पड़े रहते हैं। पंखे खराब पड़े हैं। अन्य प्रकार के तमाम समस्याएं हैं जिसके चलते आए दिन छात्रों को समस्या होती है और हॉस्टल से लेकर मुख्य द्वार तक बिजली व्यवस्था न होने के कारण अंधेरे में आना जाना पड़ता है। इसको लेकर छात्र बहुत परेशान रहते थे। जब विद्यार्थी परिषद को जानकारी हुई तो विद्यार्थी परिषद ने छात्रों की समस्या को अपनी समस्या मानते हुए कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर पाठक को सात सूत्री मांग का ज्ञापन दिया और कहा की अगर इन समस्याओं का एक सप्ताह में समाधान नहीं होता है तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वाले में ईशान, रोहित यादव, अभिषेक गुप्ता, मो.शहजाद अहमद, विपुल इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### रेवतीपुर पुलिस ने मारपीट व धमकी से सम्बन्धित 2 वारण्टीयों को किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी जमानिया के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रेवतीपुर मय हमराह द्वारा वांछित, वारण्टी, लूट, शातिर में मा0 न्यायालय न्यायिक दण्डाधिकारी गाजीपुर से सम्बन्धित वाद संख्या 2258/20 धारा 323,504,506 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वारण्टी पंकज राजभर पुत्र चन्द्रमा राजभर निवासी ग्राम भक्सी का डेरा नवली थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 18 वर्ष को उसके घर ग्राम भक्सी का डेरा थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर से गुरुवार को समय 01.50 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया तथा मा0 न्यायालय न्यायिक दण्डाधिकारी गाजीपुर से सम्बन्धित वाद संख्या 2583/20 धारा 323,504,506 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी पप्पू राजभर पुत्र जोगिन्दर राजभर निवासी ग्राम भक्सी का डेरा नवली थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 32 वर्ष व मनीराम राजभर पुत्र रमाशंकर राजभर निवासी ग्राम नवली थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर को उनके घर ग्राम भक्सी का डेरा नवली थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर से आज दिनांक 09.05.2024 को समय 01.30 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया । जिनके सम्बन्ध में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी मय टीम जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

### लोक सभा नामांकन के तीसरे दिन 4 ने लिया पर्चा, दो निर्दल प्रत्याशियों ने किया नामांकन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। 75-गाजीपुर संसदीय लोक सभा क्षेत्र हेतु आज तीसरे दिन नामांकन स्थल से जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष कलेक्ट्रेट से 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र प्राप्त किया गया। जिसमें गंगा प्रसाद सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी 01 सेट, महातिम पाण्डेय भारतीय जवान किसान पार्टी 01 सेट, राजेन्द्र कुमार गाधी जन संचार पार्टी 01 सेट, आदित्य श्रीवास्तव युग तुलसी पार्टी 01 सेट नामंकन पत्र लिया गया। इसके क्रम जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी के सम्मुख प्रत्याशी जनता राज पार्टी के कुबेर राम पुत्र रामपति ग्राम जयरामपुर पो0 तिलसड़ा त0 सदर गाजीपुर जनता राज पार्टी द्वारा 01 सेट मे एवं निर्दलीय प्रत्याशी भारतीय लोकवाणी पार्टी धनंजय कुमार तिवारी पुत्र कृष्णानन्द तिवारी ग्राम डुहियां जमानियां गाजीपुर द्वारा 01 सेट नामांकन पत्र भरकर दाखिल किया गया।

### विद्यालय से लेकर बीआरसी तक निकली मतदाता जागरूकता रैली की, दिलाई गई शपथ



पिंडरा। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को पिंडरा विकास खण्ड के विभिन्न विद्यालयों व बीआरसी पर मतदाता जागरूकता रैली निकली और शपथ दिलाई गई। पिंडरा विकास खण्ड के जमापुर, फूलपुर, अजईपुर, सिंधोरा, मंगारी, तिवारीपुर, पिंडरा, रमईपट्टी, विंदा, थानारामपुर, हिवरनपुर, समेत तीन दर्जन प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व कम्पोजिट विद्यालयों में गुरुवार को सुबह मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। वही अपराह्न में बीआरसी मंगारी पर पिंडरा ब्लॉक के शिक्षकों व बीआरसी के कर्मचारियों को खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद मिश्रा ने शत प्रतिशत मतदान लिए शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहाकि पिंडरा विस क्षेत्र में 25 को मतदान होगा। इसलिए आप लोगों निर्वाचन ड्यूटी में नही रहेंगे और आप बूथों तक मतदाताओं को पहुचने के लिए जागरूक करेंगे। इस दौरान एआरपी रामसेवक यादव, वीरेंद्र कुमार, प्राधनाध्यापक कुँवर पंकज सिंह, सर्वेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अखिलेश पाल, प्रमोद सिंह, रवि मौर्या, पप्पू गिरी, अखिलेश मिश्रा, अनिरुद्ध वर्मा, धर्मेंद्र पटेल, सतीश सेठ, संजय कन्नौजिया, जालिम सिंह, अखिलेश सिंह,पंचम पटेल, योगेंद्र पाल, भैयालाल प्रजापति, संजय गुप्ता व नीतू सिंह समेत अनेक शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं